डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

27 अप्रैल 2025

रविवार




नीतीश सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद: तेजस्वी यादव

5



# पहलगाम हमले के बाद सरकार का निर्देश... सेना की गतिविधियों का सीधा प्रसारण न करे मीडिया

## सख्ती

♦ पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं ऐसे में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मीडिया संस्थानों के लिए गाइडलाइंस जारी की

**एजेंसी/नई दिल्ली**



केंद्र सरकार ने शनिवार को मीडिया से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज से बचने का अनुरोध किया है। सरकार ने कहा कि इस तरह की रिपोर्टिंग से दुश्मनों को मदद मिल सकती है। यह सलाह जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद दी गई, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई। केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के मीडिया चैनलों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण करने से बचने की सलाह दी है और कहा कि इस तरह की रिपोर्टिंग से जाने-अनजाने में दुश्मनों को मदद मिल सकती है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करने की सलाह जारी की है। मंत्रालय की तरफ से जारी सलाह में कहा गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकताओं को सलाह दी जाती है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा-संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी का बरतें और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करें।

**ऐसी रिपोर्टिंग से सुरक्षाबलों को खतरा- मंत्रालय :** सलाह में कहा गया कि रक्षा अभियानों या सुरक्षा बलों की गतिविधियों से जुड़ी कोई भी कवरेज, दृश्य प्रसारण या स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी आधारित रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए। मंत्रालय ने यह भी कहा कि संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा दुश्मनों की मदद कर सकता है और इससे ऑपरेशनल प्रभावशीलता और सुरक्षा कर्मियों की जान को खतरा हो सकता है।

**मंत्रालय ने कारगिल और 2008 आतंरी हमले का किया जिक्र :** इस दौरान मंत्रालय के सलाह में 1999 के कारगिल युद्ध, 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले और कंधार हाइजैकिंग जैसे घटनाओं का जिक्र किया गया, जब 'अविचारपूर्ण कवरेज के कारण राष्ट्रीय हितों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

**मीडिया संस्थानों के लिए ये सलाह जारी की गई :** एडवाइजरी के अनुसार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने पहले ही सभी टीवी चैनलों को केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 के नियम 6(1)(पी) का पालन करने के लिए सलाह जारी की है. नियम 6(1)( पी) में कहा गया है कि केबल सेवा में ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं दिखाया जाना चाहिए। जिसमें सुरक्षा बलों द्वारा किसी आतंकवाद विरोधी अभियान का लाइव कवरेज हो, जिसमें मीडिया कवरेज को उचित सरकार द्वारा नामित अधिकारी द्वारा समय-समय पर ब्रीफिंग तक सीमित रखा जाएगा, जब तक कि ऐसा अभियान समाप्त न हो जाए।

## जम्मू-कश्मीर में 6 आतंकवादियों के घर ब्लास्ट से गिराए

**कश्मीर।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम अटैक की हर निष्पक्ष जांच में शामिल होने को तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हर बार आरोप लगते हैं और यह बर्दाश्त नहीं है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री जांच की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर पाकिस्तान की फौज ने लगातार दूसरे दिन एलओसी पर गोली बारी की। भारतीय फौज ने इसका जवाब दिया। इस बीच, जम्मू-कश्मीर में अब तक 6 आतंकवादियों के घर गिराए जा चुके हैं। सेना ने त्राल, अनंतनाग, पुलवामा, कुलगाम और शोपियां में सर्च ऑपरेशन के दौरान यह एक्शन लिया। द कश्मीर रेजिस्टेंस फ्रंट ने पहलगाम हमले के 3 दिन बाद अटैक की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया है। हमले के बाद सबसे पहले टीआरएफ ने ही इसकी जिम्मेदारी ली थी। गुजरात में शनिवार सुबह 1000 से ज्यादा घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सूरत और अहमदाबाद में घुसपैठियों पर कार्रवाई की। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को देश के सभी सीए से अपील किया थी कि घुसपैठियों की जल्द से जल्द पहचान करें और उन्हें वापस उनके देश भेजें। भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि स्थगित करने के साथ ही अटारी-वाघा बॉर्डर को तुरंत प्रभाव से बंद कर दिया है। सभी पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़कर स्वदेश (पाकिस्तान) जाने के आदेश दिए हैं। पाकिस्तान के सिंध से 13 दिन पहले अपने ससुराल जैसलमेर आईं दो दुल्हनों पर दुखों का पहाड़ का टूट गया।

## खबरें फटाफट

### पंजाब-हरियाणा समेत 10 राज्यों में अभी और चढ़ेगा पारा

**नई दिल्ली।** देश के अधिकांश राज्यों में इस समय मौसम में उतार चढ़ाव बना हुआ है। उत्तर प्रदेश पंजाब हरियाणा समेत देश के 10 राज्य भीषण लू की चपेट में है। वहीं, दक्षिण पश्चिम राजस्थान और ऊसके आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय है। जिसके कारण पूर्वोत्तर में बारिश का कहर दिख रहा है। साथ ही उत्तर पश्चिम भारत के पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश, बिजली गिरने और 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका हैभारतीय मौसम विभाग की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, विदर्भ, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और झारखंड में लू चल रही है। सुबह नौ बजे के बाद ही घरों से बाहर निकला भारी हो गया है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में अगले एक सप्ताह में अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। महाराष्ट्र के विदर्भ के ब्रह्मपुरी में देश का सर्वाधिक तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पंजाब के आदमपुर में सबसे कम 18.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ। दिल्ली में अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर इब्राहिमबास गांव के पास हुआ घटना

# हरियाणा में पिकअप ने 11 लोगों को कुचला, 7 मरे, चार महिलाएं घायल

♦ दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम चल रहा है। ठेकेदार ने कई गांवों के लोगों को काम में लगाया हुआ था

**एजेंसी/नूंह**

हरियाणा के नूंह में शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। जबकि 4 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सुबह 10 बजे के करीब हुआ। जानकारी के मुताबिक इब्राहिमबास गांव के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सफाई का काम चला हुआ है। ठेकेदार ने पिनगवां ब्लॉक के गांव खेड़ली कलां के लोगों को इस काम में लगाया हुआ है। 11 मजदूर सफाई करने के लिए पिकअप गाड़ी से उतर रहे थे, इसी दौरान गुरुग्राम की तरफ से आई तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने उन्हें कुचल दिया। मरने वालों में 4 महिलाएं एक ही परिवार की थीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**एक्सप्रेसवे पर बिखरी लाशें, कई शवों के हुए टुकड़े :** टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 6 महिलाओं ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं 1 पुरुष और 4 महिलाएं गंभीर घायल हो गईं। सभी को अस्पताल पहुंचाया। यहां व्यक्ति ने भी दम तोड़ दिया। घायल महिलाओं में से 2 की हालत नाजुक बनी हुई है, जिन्हें नल्हड़ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर लाशें बिखरी दिखीं। कई शवों के टुकड़े हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मिली जानकारी के अनुसार, उन्होंने कहा है कि मामले की अच्छे से जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ तख्त कार्रवाई करेंगे। वहीं, एसपी राजेश कुमार ने कहा कि आरोपी ड्राइवर को आईडेंटिफाई कर जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### फिरोजपुर झिरका थाना पुलिस मौके पर पहुंची





हादसे के बाद टक्कर मारने वाली पिकअप का ड्राइवर गाड़ी को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की मदद से हादसे की पूरी परिस्थितियों का पता लगाया जाएगा। एसपी राजेश कुमार ने कहा कि आरोपी ड्राइवर को आईडेंटिफाई करके जल्दी से गिरफ्तार किया जाएगा। एफआईआर दर्ज करके सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।मृतकों के परिजनों को दी जाएगी आर्थिक सहायता वहीं नूंह के डीसी विश्राम कुमार मीणा ने कहा हादसे पर दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा कि लेबर गाड़ी से उतरी थी कि तभी पीछे से व्हीकल ने टक्कर मार दी। एसडीएम और डीएसपी मौके पर पहुंचे हैं। मेडिकल कॉलेज को कहा गया है कि घायलों को हर तरह की मदद दी जाए। पीस कमेटी परिवारों की आर्थिक मदद करेगी। उन्होंने कहा है कि मामले की अच्छे से जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ तख्त कार्वाई करेंगे।

### ड्राईवर वाहन छोड़कर भागा

मिली जानकारी के अनुसार, हादसे में खेड़ली कलां गांव की रचना (30), पिस्ता (30), रेशम (60), सतवंती (30), जयदेई (50), प्रेम (65) और झिमरावट गांव के व्यक्ति आशु (50) की मौत हो गई। वहीं, रिगड गांव की अनिता, लच्छन और हेमलता घायल हो गईं। चौथी घायल महिला की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मिली जानकारी के अनुसार, हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर लाशें बिखरी दिखीं। कई शवों के टुकड़े हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जानकारी के मुताबिक, वहीं, हादसे के बाद टक्कर मारने वाली पिकअप का ड्राइवर गाड़ी को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। फिलहाल, अभी पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की मदद से हादसे की पूरी परिस्थितियों का पता लगाया जाएगा।

**बोले डीसी और एसपी परिवारों की आर्थिक मदद की जाएगी:** डीसी और एसपी मौके पर पहुंचे हैं। मेडिकल कॉलेज को कहा गया है कि घायलों को हर तरह की मदद दी जाए। पीस कमेटी परिवारों की आर्थिक मदद करेगी। नूंह के डीसी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि बड़ी घटना हुई है। सरकार की ओर से हर सहायता प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही इसमें दोषी को खोजा जा रहा है।

# प्रजा की रक्षा करना राजा का धर्म : मोहन भागवत



**एजेंसी/नई दिल्ली**

पहलगाम हमले के बाद पूरे देश में गुस्सा है। इस बीच, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने आतंकियों को सबक सिखाने की बात कही है। उन्होंने राजधानी दिल्ली में एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि हमारा मूल धर्म अहिंसा है, लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे कुछ भी करो। पहलगाम हमले के बाद संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि अहिंसा हमारा धर्म है और गुंडों को सबक सिखाना भी हमारा धर्म है। हम अपने पड़ोसियों का कभी अपमान या नुकसान नहीं करते लेकिन फिर भी अगर कोई बुराई पर उतर आए तो दूसरा विकल्प क्या है। राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है, राजा को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। वे राजधानी दिल्ली में आयोजित एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। यहां बोलते हुए उन्होंने कहा कि अहिंसा के सिद्धांत हिंदू धर्म में निहित हैं। ये हमारा मूल्य है, लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे कुछ भी करो। वे दुनिया को परेशान करते रहेंगे। कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि हमारा धर्म संतुलन देने वाला धर्म है। हमारे यहां स्पष्ट उल्लेख है।अहिंसा ही हमारा स्वभाव, हमारा मूल्य है। हमारी अहिंसा लोगों को अहिंसक बनाने के लिए है। कुछ लोग (अहिंसक) बन जाएंगे, कुछ लोग बिगड़ जाएंगे और इतने बिगड़ जाएंगे कि दुनिया में उपद्रव करेंगे। हम किसी के दुश्मन नहीं हैं। द्वेष हमारा स्वभाव नहीं है। रावण का वध भी उसके कल्याण के लिए हुआ। संहार को हिंसा नहीं कहते। आततायियों से मार न खाना और गुंडागर्दियों को सबक सिखाना, यह भी हमारा धर्म है। पाश्चत्य विचार पद्धति में यह दोनों चीजें एक साथ नहीं चल सकतीं। वहां यह संतुलन ही नहीं है, लेकिन हमारे यहां यह संतुलन है। हम कभी भी अपने पड़ोसियों का कोई अपमान, कोई हानि नहीं करते, लेकिन अगर हम इस तरह रहें और तब भी कोई बुराई पर ही उतर आए तो हमारे पास दूसरा इलाज क्या है। राजा का तो कर्तव्य है प्रजा की रक्षा करना है।

# कैलाश मानसरोवर यात्राः पांच साल बाद लिपुलेख और नाथू ला दर्रा होकर जाएंगे जत्थे

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत और चीन के रिश्ते सुधर रहे हैं। इसका एक अच्छा संकेत है, पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा का फिर से शुरू होना। यह यात्रा लगभग 5 साल बाद जून में फिर से शुरू होगी। पूर्वी लद्दाख में सीमा पर विवाद के बाद दोनों देशों के रिश्ते खराब हो गए थे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त 2025 के बीच होगी। एमईए ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा, जो विदेश मंत्रालय की ओर से आयोजित की जाती है, जून से अगस्त 2025 के दौरान होगी। यह यात्रा दो रास्तों से होगी। पहला रास्ता उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा है। दूसरा रास्ता सिक्किम में नाथू ला दर्रा है। कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में हैं। यह जगह हिंदू, जैन और बौद्ध धर्म के लोगों के लिए बहुत ही पवित्र है। एमईए ने बताया कि इस साल उत्तराखंड के रास्ते लिपुलेख दर्रे से 5 जत्थे जाएंगे। हर जत्थे में 50 यात्री होंगे। सिक्किम के रास्ते नाथू ला दर्रे से 10 जत्थे जाएंगे। हर जत्थे में 50 यात्री होंगे। यह यात्रा 2020 में कोविड-19 महामारी के कारण रोक दी गई थी।

# बोली मुंबई पुलिस... जांच में सहयोग नहीं कर रहा तहव्वुर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मुंबई अपराध शाखा की एक टीम ने 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य आरोपी तहव्वुर राणा से नई दिल्ली में आठ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। वह राष्ट्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में है। एक अधिकारी ने बताया कि चार अधिकारियों वाली अपराध शाखा की टीम ने आतंकवादी हमलों की साजिश में उसकी कथित भूमिका के बारे में बुधवार को राणा से पूछताछ की थी। अधिकारी ने आगे कोई जानकारी दिए बिना बताया कि पूछताछ के दौरान राणा ने टालमटोल भरे जवाब दिए और सहयोग नहीं किया। पाकिस्तानी मूल के राणा को इस महीने की शुरूआत में 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों में उनकी कथित भूमिका के लिए अमेरिका से प्रत्यर्पित किया गया था।






## लंदन में अपनी यात्रा के दौरान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर दिया था विवादित बयान

# पुणे कोर्ट ने राहुल गांधी को मानहानि मामले में किया तलब

**एजेंसी/पुणे**



वीर सावरकर के खिलाफ विवादित टिप्पणी मामले में पुणे की एक एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को तलब किया है। अदालत ने उन्हें नौ मई को इस मामले में पेश होने को कहा है। वीर सावरकर पर टिप्पणी मामले में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब पुणे की एक एमपी-एमएलए अदालत ने वीर सावरकर के एक रिश्तेदार द्वारा दायर मानहानि के मामले में लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष को तलब किया है। अदालत ने राहुल गांधी को 9 मई, 2025 को अदालत में पेश होने को कहा है। गौरतलब है कि राहुल गांधी के खिलाफ यह मामला तब दर्ज किया गया था जब उन्होंने लंदन की अपनी यात्रा के दौरान वीर सावरकर के बारे में एक बयान दिया था। जिसके बाद विनायक दामोदर सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर ने इस मामले में अदालत का रुख किया। उन्होंने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने बीते कई सालों में लगातार कई मौकों पर सावरकर को बदनाम किया है। ये मामला विशेष तौर पर 5 मार्च, 2023 को जब गांधी यूनाइटेड किंगडम में ओवरसीज कांग्रेस को संबोधित कर रहे थे। अपनी शिकायत में सत्यकी सावरकर ने दावा किया है कि राहुल गांधी ने सावरकर के खिलाफ जानबूझकर बेबुनियाद आरोप लगाए। ऐसा करके उन्होंने सावरकर की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया और शिकायतकर्ता और उनके परिवार को मानसिक पीड़ा भी पहुंचाई। शिकायत में कहा गया है कि अपमानजनक भाषण इंग्लैंड में दिया गया था, लेकिन इसे पूरे भारत में प्रसारित किया गया, जिसका असर पुणे में महसूस किया गया। सत्यकी ने अपनी शिकायत में बतौर सबूत लंदन में राहुल गांधी के भाषण के वीडियो को लेकर प्रकाशित कई समाचार रिपोर्ट और एक यूट्यूब लिंक पेश किया है। उन्होंने शिकायत में कहा कि गांधी ने सावरकर पर एक किताब लिखने का झूठा आरोप लगाया। जिसमें उन्होंने एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई का वर्णन किया था, जिसे सावरकर ने कभी नहीं लिखा है।

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



बक्सर, 27 अप्रैल 2025
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



## बोले व्यवसायी...



"आतंकियों की यह भारत को बांटने वाली चाल सफल नहीं होगी। भारत सरकार को बहुत जल्द भारत, पाकिस्तान से इस कायरतापूर्ण हरकत का बदला लेना होगा। जिसे पाकिस्तान की कई पुश्ते याद रखेंगी। देशभर के लोगों का खून खौल रहा है और देश में इस समय आतंकियों के खिलाफ गुस्से का उबाल है। आतंकी कश्मीर की शांति भंग कर देश में नफरत का बीज बोना चाहते हैं। पहलगाम में धर्म पूछ-पूछ कर आतंकियों द्वारा लोगों को मारा गया है। डुमरांव के व्यवसायी यह मांग करते है कि पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान को खत्म किया जाये।

**– गौरव कुमार, युवा व्यवसायी, डुमरांव**



"पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोष हिंदुओं का खून बहाया है। जो दुश्मन पहलगाम की खूनी होली के मुख्य षडयंत्रकारी हैं, वे भले ही छिपकर भारत की सुरक्षा-संप्रुभता पर हमला तो कर चुके हों। यह न सोचें वे भी जिंदा बचे रहेंगे। हिंदुस्तानी हुकूमत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन दरिंदों से हिंदुओं के खून की एक-एक बूंद का ऐसे हिसाब लेगी कि, जिसे देखकर सुनकर पाकिस्तान और उसकी आने वाली पीढ़ियां कांप उठेंगी। अब तक जो भी फैसले लिए है उससे पाकिस्तान कांप उठा है। परन्तु पिछले सात दशकों से हमारे देश के सैनिकों व नागरिकों को छल कर पाकिस्तान ने खून बहाया है। सरकार को अब हर कतरा का हिसाब लेना होगा।

**– संतोष शर्मा, युवा व्यवसायी, डुमरांव**



"पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरे देश में गुस्सा है। हमले में 27 हिंदुओं के मारे जाने की तरीके से पूरा विश्व आहत है। पाकिस्तान की यह हरकत बेहद नीच है और अब वक्त आ गया है कि भारत ऐसा कदम उठाए। भारत को पहले से तैयारी कर और आगे बढ़कर कार्रवाई करनी चाहिए। पाकिस्तान इसलिए रिएक्ट करता है, क्योंकि हम करने देते हैं। पाकिस्तान कोई हमला करता है, तब उसके बाद हम जागते हैं। जो हमारी सबसे बड़ी भूल है। अब हमें इंतजार नहीं करना चाहिए कि दुश्मन हमला करे, बल्कि पहले से ही ऐसी तैयारी करनी चाहिए। जिससे वह कदम उठाने से डरे और आंख उठाने से पहले 100 बार सोचे।

**– आनंद कुमार उर्फ बल्लु युवा व्यवसायी, डुमरांव**



"घाटी में आतंकवादियों के द्वारा पर्यटकों को धर्म पूछकर मौत के घाट उतारने की घटना से देश दु:खी है। सरकार के लिए ये बढ़िया मौका है, इस समय मोदी सरकार को एक और सर्जिकल स्ट्राइक नही पूर्ण युद्ध करनी चाहिए। मेरा मानना तो है कि जैसे को तैसे मिलना चाहिए। अब वक्त आ गया है की मोदी सरकार ईंट का जवाब पत्थर से दे। अगर भारत ने इन कायरों को जवाब नहीं दिया, तो इससे ऐसे दहशतगद्र आतंकियों के हौसले बढ़ेंगे और आज वहां मारा है कल यहां मारेंगे। इस लिए प्रधानमंत्री मोदी जी से उम्मीद करते है कि पाकिस्तान की हिजड़ों की फौज को इस बाद मिट्टी में मिला दें।

**– मो. इजहार, युवा व्यवसायी, डुमरांव**



"पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में गुस्सा है। हर भारतीय इस जघन्य घटना की निंदा कर रहा है। इस प्रकार के हमले बर्दाश्त के बाहर है, अब सीधी लड़ाई होना चाहिए। हर आतंकी हमले में पाकिस्तान की भूमिका संदिग्ध होती है। हमला इसबार धर्म पूछकर किया गया, यह गृह युद्ध की साजिश है। भारत की संस्कृति व अखण्डता पर पूरी प्लानिंग के साथ हमला को अंजाम दिया गया है। देश की एकता को तोड़ने की कोशिश हो रही है। अब पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देना जरूरी। अब वक्त आ गया है कि मोदी सरकार सर्जिकल स्ट्राइक से बड़ा कदम उठाए।

**– अविनाश सिंह युवा व्यवसायी, डुमरांव**



"जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला इस बार पाकिस्तान के घर में घुसकर लेना चाहिए। हर बार जब भी आतंकबादियों के द्वारा हमला होता है हमारे लोग मारे जाते है तो मोदी सरकार तो कभी पानी बंद तो कभी तेल बंद, कभी दवा बंद करती है। फिर कुछ दिन बाद वहीं होता है। 13वीं के बाद तो घर वाले और रिश्तेदार भुल जाते है। इसकी तरह सरकार करती है। फिर पाकिस्तान परस्त आतंकबादी वही करते है। इसबाद मोदी सरकार को घर में घुस एक-एक को चुनकर मारना चाहिए। तभी भारतीयों की दिल की आग को ठंडक मिलेगी।

**– दौलत चंद गुप्ता, चेयर ऑफ कॉमर्स, सचिव, बक्सर**



"आतंकवादी हमला भारत राष्ट्र की एकता तथा अखण्डता व सार्वभौमिकता पर कायराना कपटपूर्ण एवं बुजदिलाना हमला है। आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए आतंकवादियों के जड़ पर कड़ा प्रहार होना चाहिए। देश की जनता की यह बड़ी चिन्ता है कि पहलगाम के बैसरन की इस प्रकार की वीभत्स और भयावह आतंकवादी घटना घटित हुई है। वह आगे नहीं हो इसके लिए मोदी सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए। भोजपुरी में एक कहावत की जाती है ना रहेगी बांस ना बजेगी। बासुरी। ठीक उसी तरीके से मोदी सरकार को पीओंके पुन: भारत में मिला लेना चाहिए। जिसके बाद पाक द्वारा संचालित आतंकबाद का खेल ही समाप्त हो जायेगा।

**– दया शंकर ठाकुर, व्यवसायी, डुमरांव**

### पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ गुस्से में बक्सर व डुमरांव के व्यवसायी बोले...

# बर्दाश्त नहीं करेंगे खूनी खेल



**केटी न्यूज/ बक्सर/डुमरांव**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद से पूरे देश में गुस्से की ज्वाला धधक रही है। लोगों को रोष है कि पहलगाम में निहत्थे मासूम लोगों को मार कर जघन्य अपराध किया गया है। जिसके चलते अब बदले की मांग देशभर में उठ रही है। बक्सर में राजनितिक दलों, शिक्षकों व व्यवसायियों में काफी आक्रोश है।

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर विरोध किया जा रहा है। जिले में कहीं रोष स्वरूप कैंडल मार्च निकाले जा रहे हैं, तो कहीं दो मिनट के मौन रखकर मृतक लोगों को श्रद्धांजलि दी जा रही है। लेकिन सभी एक ही मांग कर रहे है कि पीएम मोदी पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लें। डुमरांव के व्यवसायियों में भी पहलगाम में जिस तरह से बेगुनाहों को धर्म के नाम पर मौत के घाट उतारा गया है, उससे आक्रोश व्याप्त है। जिसके कारण शनिवार को डुमरांव नगर भवन में एक बैठक की गयी। जिसमें शहर के व्यवसयी और स्थानीय लोग मौजूद थे। दस दौरान मृत लोगों की आत्मा कि शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई। बैठक में व्यवसायी मोहन गुप्ता, राजा गुप्ता, गौरव कुमार, दया शंकर ठाकुर, विकाश कुमार, मनीष कुमार सहित दर्जनों लोग थे। इस मौके पर मोहन जी गुप्ता ने कहा कि अब ऐसा खूनी खेल बर्दाश्त नहीं करेंगे। अब बेटियों व माताओं का चित्कार बर्दाश्त नहीं हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग किया कि पाकिस्तान से एक-एक बूंद खून का बदला लिया जाना चाहिए। अब वक्त आ गया है मोदी जी और अमित शाह जी कि पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिजिए। गुप्ता ने कहा कि जब 1971 में पाकिस्तान ने हमारे देश पर हमला किया। इंदिरा गांधी ने मुंहतोड़ जवाब दिया और देश को दो हिस्सों में बांट दिया। आज भी हमें पाकिस्तान के खिलाफ ऐसी ही कार्रवाई करनी है।

### ♦ बोले व्यवसायी... मोदी जी हमें खुन के बदले खून चाहिए, एक-एक बूंद खून के कतरा का हिसाब चाहिए

**आंतकवाद को जड़ से खत्म किया जाये:** वहीं राजा गुप्ता ने कहा कि भारत सरकार द्वारा चाहिए कि पाकिस्तान द्वारा संरक्षित आंतकवाद को समुल जड़ से खत्म किया जाये। हम कब तक अपने वीर जवानों व निर्दोष नागरिकों का खून यू हीं हिजड़ों की फौज से बर्बाद कराते रहेंगे। कब तक अपनी मां-बहनों की मांग का सिंदूर उजड़ते इस प्रकार से मौन देखते रहे है। कब तक मासूम बच्चों से पिता का दुलार गंवाते रहेंगे। मोदी जी अब 56 इंच के सीना की ताकत दिखाने का वक्त आ गया है। अब तो पाकिस्तान को दो टुकड़े कर पीओके को देश के अपने अंदर लिजिए। ताकि आतंकवाद परस्त पाकिस्तान का खात्मा किया जा सके।

### डुमरांव में भाकपा माले ने निकाला मौन मार्च




**डुमरांव।** पहलगाम हमले के खिलाफ भाकपा माले के द्वारा शनिवार की शाम डुमरांव नगर में शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान डुमरांव नगर के विभिन्न इलाकों में भ्रमण करते हुए थाना के समीप आकर समाप्त हुआ। इस दौरान हाथ में कैंडल लेकर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कहा कि देश की एकता, अखंडता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी लोकतांत्रिक शक्तियों को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ना होगा।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की विफल नीतियों के चलते आतंकी घटनाएं बार-बार सामने आ रही हैं। नेताओं ने पहलगाम में आतंकी घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सहित आतंकवादियों को सबक सिखाने की आवश्यकता है। निर्दोष व निहत्थे पर्यटकों को गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी गयी. इस घटना में कईयों ने अपने पिता, पुत्र व पति को खोया है। पर्यटक अपने परिवार के साथ घूमने के लिए वहां पर गये थे, लेकिन आतंकवादियों ने कायराना हरकत कर घटना को अंजाम दिया है।

## यह आतंकी हमला देश के लिए क्षति है, बल्कि मानवता पर भी एक बड़ा प्रहार है: सुब्रहमण्यम



**केटी न्यूज/ डुमरांव**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को सन राइजिंग इंटरनेशल स्कूल, डुमरांव के प्रांगण में श्रद्धांजलि दी गई।

स्कूल में आयोजित विशेष श्रद्धांजलि सभा में छात्रों और शिक्षकों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखने के बाद प्रार्थना की। स्कूल की प्रिंसिपल वेंकेटेशन सुब्रहमण्यम ने कहा कि यह हमला न केवल देश के लिए क्षति है, बल्कि मानवता पर भी एक बड़ा प्रहार है। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मांग की कि सरकार इस मामले में सख्त कदम उठाए। देश का माहौल खराब करने वालों को जड़ से खत्म किया जाना चाहिए। वेंकेटेशन सुब्रहमण्यम ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा बुलाई गई सीसीएस बैठक का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस बैठक में पाकिस्तान के खिलाफ कड़े निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने देशवासियों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। वहीं शिक्षक संजय उपाध्याय ने बताया कि स्कूल के छात्रों ने अपनी मॉर्निंग प्रेयर के बाद इस हमले में मारे गए लोगों के आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। वहीं स्कूल प्रशासन ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। उस्कूल के छात्र और शिक्षकों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहने की शपथ ली।

## आतंकवाद के खिलाफ गरजा विहिप बक्सर में लोगों ने पाक का झंडा जलाया



**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार की शाम शहर आक्रोश की आवाज से गूंज उठा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में इस्लामिक जिहादी आतंकवादियों द्वारा हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की स्थानीय इकाई ने सर्व हिंदू समाज के साथ मिलकर विशाल आक्रोश मार्च निकाला।

किला मैदान से शुरू होकर वीर कुंवर सिंह चौक, रामरेखा घाट रोड,पीपी रोड, ठठेरी बाजार,मेन रोड होते हुए स्टेशन रोड स्थित ज्योति प्रकाश चौक तक पहुंचा। प्रदर्शन के दौरान भारत माता की जय, जय श्री राम, वंदे मातरम, पाकिस्तान मुदार्बाद जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों ने ज्योति प्रकाश चौक के समीप पाक प्रधानमंत्री का पुतला व पाकिस्तानी झंडा जलाया। साथ ही, बलिदान हुए हिंदू यात्रियों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आत्मा की शांति हेतु दीप प्रज्वलित किए गए एवं मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। प्रदर्शन में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ सिद्धनाथ मिश्र, प्रांत सत्संग प्रमुख कन्हैया पाठक, विभाग मंत्री संजय राय, ईश्वर दयाल जिला मंत्री, जिला सह अध्यक्ष विनोद उपाध्याय, अवधेश पाण्डेय, बलराम मिश्रा, उमाशंकर पांडये, सौरभ सिन्हा, तुलसी चौधरी, रोहित यादव, पंकज उपाध्याय, सिद्धार्थ पांडे, ओमकार गुप्ता, मनोज केशरी, मयंक राज, विकी चौधरी,चंदन चौधरी, सोनू चौधरी आदि शामिल रहे।

## बोले व्यवसायी...



"जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष हिंदू पर्यटकों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। अब सिर्फ सर्जिकल या एयर स्ट्राइक नहीं, कुछ ऐसा होना चाहिए कि पाकिस्तान भविष्य में कभी भारत की तरफ आंख उठाने की हिम्मत न करे। अब वक्त आ गया है कि आतंक के खिलाफ राष्ट्र एकजुट हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर कठोर निर्णय में पूरा देश उनके साथ खड़ा। हम सरकार से मांग करते हैं कि आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब सहनशीलता की सीमा पार हो चुकी है। अब केंद्र सरकार को निर्णायक कदम उठाने चाहिए।

**– मनीष कुमार, युवा व्यवसायी, डुमरांव**



"पहलगाम में मासूम लोगों की नृशंस हत्या करने वाले आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान के लिए यह हमला नासूर बनेगा। पहलगाम आतंकी हमले में 28 लोगों की मौत के बाद भारत की ओर से आतंकियों के पनाहगार देश को ऐसी सजा मोदी सरकार को देनी चाहिए कि उनकी आने वाली नस्ले भी हिन्दुस्तान नाम सुनते ही पैंट गिली कर दें। मोदी जी और अमीत शाह को भारत के सैनिकों व नागरिकों एक-एक बूंद खून का हिसाब पाकिस्तना और उसके टटुओं से लेना चाहिए। पहले भी देश ने हमेशा अपने जवानों की शहादत का बदला लिया है और इस बार भी भरोसा है कि ऐसा ही होगा।

**– राजेश कुमार गुप्ता, युवा व्यवसायी, डुमरांव**



"जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया है। आतंकी हमला न केवल निर्दोष लोगों की जान लेने वाला कृत्य है, बल्कि यह भारत की संप्रभुता, कश्मीर की शांति और पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था पर सीधा हमला है। केंद्र सरकार को त्वरित कार्रवाई कर सख्त संदेश देना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी भारतीय इस तरह की बर्बरता का शिकार न हो। इस पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। मोदी सरकार से उम्मीद ही नहीं भरोसा है कि इसबार पाकिस्तान और उसके संरक्षित आतंकबादियों नेस्तना-नाबुत कर देगी।

**– मौज अहमद, युवा व्यवसायी डुमरांव**



"जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ है, जिसमें आतंकियों ने पर्यटकों के नाम और धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी है। पहलगाम में हुए हमले को कायराना बताते हुए भारत के सभी लोग इसकी निंदा कर रहे है। यह घटना हृदय विदारत व दिल दहलाने वाली है। इस तरह की घटनाओं से पर्यटकों में डर का माहौल पैदा होता है। मोदी सरकार को पाकिस्तान को उसकी ही भाषा में कड़ा जवाब देना चाहिए। हमें दुश्मन के इलाके में घुसकर मारना होगा। आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है, अब समय आ गया है कि एक्शन हो। अब वो वक्त आ गया है कि आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

**– इस्तियाक अहमद, व्यवसायी, डुमरांव**



"पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष 28 पर्यटकों को पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों के द्वारा जिस तरह से मारा गया है। वो बर्दाश्त के काबिल नहीं है। भारत सरकार को कड़ा एक्शन लेना चाहिए। इसके लिए भारत की हर एक जनता कदम से कदम मिलाकर खड़ी है। जिस तरीके से काश्मीर में आतंकवादियों की पहचान कर सेना द्वारा उनका घर उड़ाया जा रहा है। उसी तरह से मोदी सरकार को पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के पहनगार को मारना चाहिए और उनके घरों को जमींन दोज करना चाहिए। हमें मोदी सरकार से उम्मीद ही नहीं पूरा भरोसा है कि इसबार खून के आंसू पाकिस्तान रोयेगा।

**– डॉ. श्रवण तिवारी सचिव रेड़क्रॉस सोसाईटी, बक्सर**



"जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में आक्रोश है। हर कोई इस जघन्य घटना की निंदा कर रहा है और आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। उन्होंने दहशतगर्दों की इस कायराना हरकत के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार बताया है और चेतावनी दी की अब अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब सिर्फ सर्जिकल स्ट्राइक नहीं, सीधी लड़ाई होनी चाहिए। दहशतगर्दों की ये हरकत बेहद शर्मनाक व कायराना है। पूरा देश शहीदों के परिवार के साथ खड़ा है। इस मामले में सभी राजनीतिक दलों से राजनीतिक दल भी एकजुट है। पाकिस्तान को उसी के भाषा में मोदी सरकार जबाव देगी।

**– सुरेश अग्रवाल, व्यवसायी, बक्सर**



"जब तक पाकिस्तान को करारा जवाब नहीं मिलेगा और पीओके को वापस नहीं लिया जाएगा, तब तक उसकी बौखलाहट यूं ही जारी रहेगी। पहली बार जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों ने खुलकर भारतीय सेना का समर्थन किया है और आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई है। पहलगाम हमले को लेकर मोदी सरकार पूरी तरह गंभीर है और यह स्पष्ट कर दिया गया है कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। हमें उम्मीद ही नहीं पूरा भरोसा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह पर की इस बार पाक को मटिया मेंट कर देंगे।

**– विनय सराफ, स्वर्ण व्यवसायी, बक्सर**

## आतंकवाद को खत्म करने के लिए पीओके को पुन: प्राप्त करना होगा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव के प्रतिष्ठित व्यवसायी सह डुमरांव चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य रमेश केसरी ने आतंकी हमले पर कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमला काफी निंदनीय है।

आतंकवाद को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए पीओके को पुन: प्राप्त करना होगा। इसका सबसे ठोस उपाय पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लेना ही होगा। पीओके भारत का अभिन्न अंग है। सभी आतंकवादी गतिविधियां वहां से संचालित की जा रही हैं और इसके लिए पाकिस्तानी सेना और आईएसआई का समर्थन मिल रहा है। जब तक हम उस क्षेत्र पर नियंत्रण हासिल नहीं कर लेते, तब तक आतंकवाद भारत को परेशान करता रहेगा। जब तक हम पीओके में घुसकर आतंकवादियों को खत्म नहीं करते, तब तक इसका कोई स्थायी प्रभाव नहीं होगा। प्रधानमंत्री ने बार-बार कहा है कि हम घुसकर हमला करेंगे अब ठीक वैसा ही करने का समय आ गया है और पूरा देश भी यही चाहता है।

### चौगाईं में भाजपा नेत्री के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाल आतंकी घटना की हुई निंदा

# आतंकियों को कठोर सजा दे सरकार: प्रतिभा सिंह

**केटी न्यूज/चौगाईं**



पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों द्वारा की गई 28 सैलानियों की नृशंस हत्या ने पूरे भारत के जनमानस को झकझोर दिया है। पूरे देश में इसके खिलाफ जन आक्रोश है। भारत के सभी जगह लोगों की एक ही मांग है कि इस नृशंस हत्याकांड का भारत सरकार जल्द से जल्द उचित कार्रवाई करते हुए बदला ले।

इसी कड़ी में शनिवार की शाम डुमरांव विधानसभा के चौगाईं मंडल में भाजपा नेत्री प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। इस कैंडल मार्च में पहलगाम में हुए हिन्दुओं के नृशंस हत्याकांड की घोर निंदा की गई और प्रधानमंत्री से अपील किया गया कि इस संदर्भ में कठोर से कठोर कार्रवाई करें और इस देश का एक-एक आदमी उनके हर कार्रवाई के साथ खड़ा है।

अपने संबोधन में भाजपा नेत्री प्रतिभा सिंह ने कहा कि पहलगाम में हिन्दुओं के हत्यारों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने केन्द्र सरकार से मांग किया कि इस जघन्य कृत्य के दोषी पाकिस्तान का नाम इस बार दुनिया के नक्शे से मिटा देना चाहिए, ताकि भविष्य में कोई कट्टरपंथी देश ऐसी हिमाकत नहीं कर पाए तथा देश की जनता खासकर हिन्दू वर्ग खुद को असुरक्षित महसूस न कर पाए। प्रतिभा सिंह ने कहा कि इस हत्याकांड की जितनी भी निंदा की जाए वह कम होगा। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है तथा लोग इस घटना के बाद भारत की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे है। हालांकि, उन्होंने कहा कि देश मजबूत व सुरक्षित हाथों में है, इस बार जरूर ईंट का जबाव पत्थर से दिया जाएगा।

मौके पर प्रो. कुमार विजय सिंह, नंदलाल पंडित, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी, मंडल अध्यक्ष केसठ ओम प्रकाश सिंह उर्फ पप्पूजी, मंडल अध्यक्ष चौगाईं विमलेश सिंह, हरेराम, गणेश प्रसाद गुप्ता, सरोज केसरी, ददन कुमार, संजय केशरी, पंकज सिंह, रियाजउद्दीन अंसारी, पप्पू, मुन्ना, पवन ठाकुर समेत दर्जनों अन्य लोग मौजूद रहे।

## इस प्रकार की कायराना हरकत कश्मीर व देश के नागरिकों के लिए हानिकारक

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले के प्रतिष्ठित युवा व्यवसायी अनुराग उर्फ बल्लू पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री से इस हमले का जवाब उसी भाषा में देने की अपेक्षा कर रहा है, जो पाकिस्तान समझता है। जिस तरह से प्रधानमंत्री ने बयान दिया है, उससे लगता है कि कार्रवाई उसी दिशा में आगे बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि अब देखना यह है कि पाकिस्तान को उनके किए का वैसा ही जवाब कब और कैसे मिलता है। पहलगाम में पर्यटकों को मारना दुखद है। इस प्रकार की कायराना हरकत कश्मीर के नागरिकों के लिए हानिकारक है। इसका नुकसान कश्मीर निवासियों को होगा। हर कोई इस जघन्य घटना की निंदा कर रहा है और आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अब सीधी लड़ाई होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर आतंकी हमले में पाकिस्तान की भूमिका संदिग्ध होती है। मौलाना ने कहा कि हमला धर्म पूछकर किया गया, यह गृह युद्ध की साजिश है। अब पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देना जरूरी।

## चौसा-मोहिनया पथ पर सिकरौल गांव के पास की हुआ बड़ा हादसा

# बहू के दाह-संस्कार में जा रहे ससुर की सड़क दुर्घटना में मौत



केटी न्यूज/बक्सर

चौसा-मोहनिया पथ पर बाइक चालक की सामने आ रहे ट्रैक्टर के हेडलाईट से आंखे चौधिंया गई, जिससे उसकी बाइक असंतुलित हो पलट गई। घटना में बाइक पर बैठे अधेड़ की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। यह घटना शुक्रवार की देर शाम राजपुर थाना क्षेत्र के सिकरौल गांव के पास की है।

जानकारी के अनुसार, राजपुर थाना क्षेत्र के नागपुर निवासी रामाश्रय सिंह किसी परिजन को लेकर बाइक से अपनी पतोहू के दाह-संस्कार में शामिल होने मुक्तिधाम बक्सर जा रहे थे। इसी दौरान सिकरौल गांव के पास ट्रैक्टर की तेज रोशनी से उनकी आंखें चौंधिया गईं। उसी समय सड़क पर मिट्टी के ढेर से टकरा कर बाइक असंतुलित हो गई व पलट गई और हादसे का शिकार हो जान गवां बैठे।

### ♦ सदर अस्पताल में चल रहा है जख्मी का इलाज

सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों को भी घटना की जानकारी दी गई, जिससे घर में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य पूजा देवी भी मौके पर पहुंचीं और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। मामले में राजपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि बाइक पलटने से एक अधेड़ की मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

## खलासी चला रहा था टेलर, अनियंत्रित हो सामने खड़ी ट्रक से टकराई, हुई मौत

**डुमरांव।** बक्सर पटना एनएच-922 पर टेलर व ट्रक की टक्कर में टेलर का खलासी व चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गए, इलाज के दौरान खलासी की मौत हो गई। वहीं, चालक की हालत नाजूक बनी हुई है। दुर्घटना के वक्त खलासी ही वाहन चला रहा था, जबकि चालक सह टेलर मालिक केबिन में सो रहा था। यह हादसा नया भोजपुर थाना क्षेत्र के चंदा गांव के पास शुक्रवार की मध्यरात्रि हुआ।

मृतक की पहचान यूपी के अंबेडकर नगर निवासी मोहित कन्नौजिया के रूप में हुई है, जबकि जख्मी टेलर मालिक सह बिपीन यादव की हालत नाजूक बनी हुई है। समाचार लिखे जाने तक उसका इलाज सदर अस्पताल बक्सर में चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार बिपिन अपने टेलर में बालू लाद नासिरीगंज से अंबेडकर नगर जा रहे थे। रास्ते मे निंद लगने पर वे खलासी मोहित को टेलर चलाने को बोल खुद केबिन में सो गए थे। मध्यरात्रि जैसे ही टेलर चलाता मोहित एनएच 922



पर चंदा गांव से आगे बढ़ा कि अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया तथा वह सामने खड़ी ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया। इस घटना में टेलर का केबिन बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया तथा वाहन चला रहा खलासी व चालक केबिन में फंस गए। इसकी जानकारी मिलते ही रात में ही नया भोजपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार सदल बल मौके पर पहुंचे तथा केबिन में फंसे चालक व खलासी को निकाल इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर पहुंचाया। जहां, इलाज के दौरान जख्मी खलासी की मौत हो गई, जबकि चालक की हालत भी नाजूक बनी हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद खलासी के शव को उसाके स्वजनों को सौंप दिया है।

## कोलियाताल में 60 ली. शराब व उपकरण जब्त

**सिमरी।** सिमरी पुलिस ने थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव के पास कोलिया ताल में छापेमारी कर शराब निर्माण का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस दौरान मौके से 60 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद करने के साथ ही भट्ठी तोड़ डाली तथा बड़े पैमाने पर शराब बनाने के उपकरण बरामद किए है। थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मुकुंदपुर गांव के पास शराब बनाया जा रहा है। इस सूचना पर एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस दौरान कोलिया ताल के बधार में शराब निर्माण के लिए बनाई गई भट्ठियों को तोड़ा गया तथा मौके से 60 लीटर देशी शराब के साथ ही शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि शराब निमार्ताओं की पहचान की जा रही है। उन्हें जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थानाध्यक्ष ने कहा कि शराब तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# आतंकियों को जल्द मिलेगा मुंहतोड़ जबाव

केटी न्यूज/बक्सर

भाजपा से राज्यसभा सांसद और लगातार सात बार निर्विरोध निर्वाचित ऑल इंडिया बार काउंसिल के अध्यक्ष मनन मिश्रा शनिवार को बक्सर में थे। उन्होंने जिला अतिथि गृह में प्रेस वार्ता के अलावे कई अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया।

उन्होंने चार कार्यक्रम में भाग लिया। प्रथम बैठक बक्सर बार काउंसिल के अधिवक्ताओं के साथ की। जिसमें विद्वान अधिवक्ताओं ने देश की कानूनी प्रक्रिया पर गहनता से अपनी बात रखी। भारत के विकास के लिए क्या और कैसे कानूनी पेंचिदगियो को दूर किया जाए जिससे की देश को सही और सरल रास्ता मिल सके। दूसरी बैठक एमवी कॉलेज में आयोजि हुई, जिसमें प्रोफेसर एवं बुद्धिजीवी यों ने भाग लिया। समाज के प्रबुद्ध लोगों ने राज्य सभा सांसद से समाज में रह रहे लोगों के सामाजिक उत्थान के लिए अपने



अपने बिचार रखे। इसके बाद वे जिला अतिथि गृह बक्सर मीडिया के साथ प्रेसवार्ता की, जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने किया।

जम्मू काश्मीर के पहलगाम में मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा जिस तरह से बेगुनाह लोगों की निर्मम हत्या की गई है उसका जबाब देते हुए अधिवक्ता सह राज्य सभा सांसद ने दो टूक जबाव दिया कि जांच चल रही है और बहुत ही जल्द दोषियों को उनके कल्पना से परे माकुल जबाव दिया जाएगा और मुंहतोड़ जबाव दिया जाएगा। जम्मू-काश्मीर पर बोलते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों ने वर्षों पूर्व बनाए गये गलत नियमों और कानूनों के तहत वहां के आम अवाम को गलत रास्ता दिखा कर अपना राजनीतिक रोटियां सेंकने का कार्य करती थी, लेकिन मोदी ने वहां के विकास में बाधक 370 धारा को हटाकर जम्मू-काश्मीर के लोगों का जीवन शैली में सुधार करने का अद्भुत और अनोखा कार्य किया। जिस जम्मू-काश्मीर को हिन्दुस्तान से अलग थलग समझनें और समझाने का कार्य पूर्व की सरकार करती थी, मोदी ने उसे मुख्य धारा में लाने का कार्य किया।




## जिलास्तरीय टीम ने की एचडब्लयूसी की जांच

**राजपुर।** शनिवार को स्वास्थ्य समिति की जिला स्तरीय टीम ने प्रखंड स्थित जलहरा एचडब्ल्यूसी की जांच की। यह जांच एनक्यूएएस कार्यक्रम के तहत की गई। टीम ने मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जांच की तथा केंद्र में उपलब्ध सेवाओं के अलावा मरीजों के साथ होने वाले व्यवहारों की भी जानकारी ली गई। टीम में डॉ. विंध्याचल सिंह, डॉ. रुचि कुमारी, डॉ. अशोक कुमार शामिल रहें। इस दौरान ओपीडी के साथ मातृत्व स्वास्थ्य, नवजात शिशु व सामान्य शिशु की जांच सुविधा, संपूर्ण टीकाकरण, परिवार नियोजन, संचारी रोग, गैर संचारी रोग नियंत्रण सुविधा, मरीजों के बैठने की व्यवस्था व अस्पताल प्रशासन की व्यवस्था का जायजा लिया गया।

## अधिवक्ता अपने भविष्य के प्रति हो जागरूकः मनन

केटी न्यूज/बक्सर

सर्वोच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता एवं बार काउंसिल आफ इंडिया के चेयरपर्सन सह राज्य सभा सांसद मनन कुमार मिश्र का बक्सर अधिवक्ता संघ के द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर स्वागत किया गया। वे बक्सर के अधिवक्ताओं से मिलने आए हुए थे। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में संघ एवं अधिवक्ताओं द्वारा द्वय नेताओं को अंग वस्त्र, बुके, प्रशस्ति पत्र आदि देकर सम्मानित किया गया।



अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बार काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष के चुनाव के लिए जब वे पहली बार प्रत्याशी बने थे तब वे बक्सर से चुनाव प्रचार की शुरूआत किये थे। उन्होंने कहा कि मूल रूप से वे बक्सर से जुड़े हुए हैं तथा अभी भी परिवार के कई सदस्य यहीं पर रहते हैं। बक्सर उनकी आत्मा है, उन्होंने युवा अधिवक्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में नए अधिवक्ताओं को और चुनौती का सामना करना पड़ेगा इसके लिए वे गहन अध्ययन करें तथा अधिक से अधिक समय किताब एवं फाइलों के बीच गुजारे। अधिवक्ता का प्रोफेशन सबसे सुंदर और विश्वसनीयता का पेशा है, यहां बड़े से बड़े उच्च प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा भी सादे कागजातों पर हस्ताक्षर कर अधिवक्ताओं को सुपुर्द कर दिया जाता है।

## राजपुर में अगलगी में मवेशियों समेत एक झुलसा

केटी न्यूज/राजपुर

प्रखंड के राजपुर व बहुआरा गांव में अलग-अलग अगलगी की घटनाओं में जहां चार मवेशी झुलस गए, वहीं आग बुझाने के दौरान एक व्यक्ति भी आग की चपेट में आ गया।

पहली घटना अकबरपुर पंचायत के अहियापुर गांव की है। यहां खेत से निकली चिंगारी से पूर्व मुखिया जगनारायण सिंह के पशु शेड में आग लग गई। जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर तेज धूप एवं लू से सभी लोग अपने घरों में सो रहे थे। इसी दौरान जलहरा गांव के बधार में कोई किसान डंठल जला रहा था, तेज हवा के झोंकों से डंठल की आग से निकली चिंगारी दूर तक फैल गई तथा



पूर्व मुखिया के पशुशेड को अपनी चपेट में ले लिया। मवेशी वाले घर में आग लगते ही पशुओं के चिल्लाने की आवाज सुन जब तक लोग पहुंचे तब तक आग ने भीषण रूप धारण कर लिया था। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सभी पशुओं को बाहर निकालकर आसपास के समरसेबल को भी चालू कर आग बुझाने शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

दूसरी तरफ, बहुआरा गांव में शुक्रवार की रात घुरहु राम के घर में आग लगने से एक गाय की मौत हो गई। जिस घटना में घुरहु राम भी झुलस गए है। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात करीब 8.30 बजे घुरहु राम एवं उनकी पत्नी इंद्रासनी देवी खाना खाने के बाद सो गए। कुछ देर बाद कहीं से निकली चिंगारी से उनके झोपड़ीनुमा घर में आग पकड़ लिया। हवा के झोंकों के साथ तेज लौ के साथ झोपड़ी जलने लगा। आग की आहट होने पर घर से बाहर निकल इन लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया। तब तक आग ने इतना काफी भयावह रूप अपना लिया। आग की चपेट में आने से घर के अंदर बांधी गई गाय की मौत हो गई।

## प्रथम स्थान पर बक्सर

**बक्सर।** ग्रामीण विकास विभाग, बिहार द्वारा माह मार्च 2025 के जारी रैकिंग में मनरेगा क्रियान्वयन में बक्सर जिला को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। मनरेगा के विभिन्न 14 इंडिकेटर पर रैंकिग निर्धारित की गई, जहां बक्सर को 84.84 अंक प्राप्त हुये हैं। राज्य द्वारा खेल मैदान की पूर्णता, मानव दिवस सृजन की उपलब्धि, मानव दिवस सृजन में महिला एवं अनुसूचित जाति/जनजाति परिवारों की भागीदारी, पौधरोपण योजनाओं की उत्तर जीविता एवं निरीक्षण, आवास योजनाओं में मजदूरी का भुगतान, मजदूरों का ससमय भुगतान, मोबाईल एप से उपस्थिति, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं कृषि आधारित कार्यों की प्राथमिकता, आधार आधारित भुगतान, एवं एरिया ऑफिसर एप से योजनाओं के आधार पर रिजल्ट जारी किया गया है।

**पहले वंशावली से मिलता था लाभ, जिले के 2 लाख किसान होंगे लाभान्वित**

# अच्छी खबर : किसानों को फार्मर रजिस्ट्री आईडी से मिलेगा कृषि योजनाओं का लाभ

केटी न्यूज/डुमरांव

कृषि योजनाओं का लाभ अब वंशावली के बजाय फार्मर रजिस्ट्री आईडी के माध्यम से मिलेगा। इस नई व्यवस्था के तहत, किसानों को अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी का उपयोग करके कृषि योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवेदन करना होगा। इसकी जानकारी देते हुए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी शेखर कुमार बताया की फार्मर रजिस्ट्री आईडी एक अनोखी पहचान संख्या है, जो प्रत्येक किसान को दी मिलती है। इस आईडी के माध्यम से, किसान अपनी कृषि संबंधी जानकारी को ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं और सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

इस नई व्यवस्था के तहत, किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी का उपयोग कर राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। संयुक्त परिवारों को अपने में बंटवारा करते हुए जिसके जिम्मे जितनी जमीन आएगी



उसका स्वामित्व बनना पड़ेगा। ऐसा नहीं करने पर वंशावली में जिसका नाम होगा उसी को फायदा मिल सकता है। इस तरह का आदेश आते ही संयुक्त किसान परिवारों में खुशी छा गई है। कई किसानों ने बताया की सरकार द्वारा इस तरह का नियम लागू किये जाने से परिवार से अलग हुए हर किसान को योजनाओं का लाभ मिलने लगेगा। पहले यह था कि जिसके नाम से जमीन रहता था, वहीं केवल हकदार होता था, जिसको लेकर कभी-कभी आपस में लड़ाई-झगड़ा की नौबत आ जाती थी। किसानों का कहना है की अब ऐसी नौबत नहीं आएगी। सरकारी आदेश को लेकर आपसी बंटवारा शुरू हो गया है। इस बंटवारा से किसी में कोई रंजिश भी नहीं दिखाई दे रही है, सभी स्वेच्छा से करा रहे हैं। ऐसे में सभी अलग हुए किसान विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं, जैसे कि बीज और उर्वरक सब्सिडी, कृषि उपकरणों की खरीद, केवाईसी, फसल बीमा, सब्सिडी आदि।

योजनाओं का लाभ लेने के लिये किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी का उपयोग करके ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और अपनी कृषि संबंधी जानकारी को अपडेट कर सकते हैं। इतना ही नहीं इस नई व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी, क्योंकि सभी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होगी और किसानों को अपनी जानकारी को देखने और अपडेट करने का अधिकार होगा। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने बताया की किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी को सुरक्षित रखें और इसका उपयोग करके कृषि योजनाओं का लाभ उठाएं।



### लहरपा कांड में परिजनों से मिलने पहुंचे राज्य के नेता प्रतिपक्ष

# नीतीश सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद: तेजस्वी यादव



**केटी न्यूज/आरा**

अगिआंव प्रखंड अंतर्गत गड़हनी थाना क्षेत्र के लहरपा गांव में हाल ही में सत्ता संरक्षित सामंती गुंडों द्वारा की गई नृशंस हत्या ने पूरे भोजपुर सहित बिहार को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य अपराध के पीड़ित परिजनों से मिलने आज बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव लहरपा गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और न्याय का भरोसा दिलाया साथ ही आर्थिक मदद भी की।

तेजस्वी यादव ने इस घटना को बिहार में बिगड़ती कानून व्यवस्था का ज्वलंत उदाहरण बताते हुए नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह हत्या केवल एक अपराध नहीं, बल्कि सत्ता के संरक्षण में पल रहे सामंती और आपराधिक तत्वों की करतूत है। नीतीश सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, क्योंकि उन्हें सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। मुख्यमंत्री और उनके दोनों उपमुख्यमंत्री कानून व्यवस्था को लेकर पूरी तरह विफल साबित हुए हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि बिहार में आम जनता की जान की कोई कीमत नहीं बची है। लहरपा गांव की इस घटना ने साबित कर दिया कि नीतीश सरकार के राज में न तो गरीब सुरक्षित है और न ही न्याय की कोई उम्मीद। हम इस मामले में पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो, और मुख्य आरोपी की 10 दिनों के अंदर तत्काल गिरफ्तार किया जाए अन्यथा भोजपुर जिले में बड़ा आंदोलन होगा।उन्होंने यह भी घोषणा की कि राष्ट्रीय जनता दल इस मुद्दे को विधानसभा में पुरजोर तरीके से उठाएगा और बिहार की जनता के लिए न्याय की लड़ाई को और तेज करेगा।

तेजस्वी यादव के साथ राजद के भोजपुर जिलाध्यक्ष वीरबल यादव, जिला प्रभारी शिवचंद्र राम, जगदीशपुर विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया, शाहपुर विधायक राहुल तिवारी, पूर्व विधायक अनवर आलम, प्रमुख मुकेश सिंह यादव, फूलवंती देवी, पूर्व विधायक विजयेंद्र यादव, अरुण यादव, प्रवक्ता आलोक रंजन, ई. रवि आनंद, अमित ठाकुर सहित कई लोग लहरपा पहुंचे।

### 10 दिन में बबलू नहीं पकड़ा गया तो होगा आंदोलन

**आरा।** अगिआंव प्रखंड अंतर्गत गड़हनी थाना क्षेत्र के लहरपा गांव में हाल ही में सत्ता संरक्षित सामंती गुंडों द्वारा की गई नृशंस हत्या ने पूरे भोजपुर सहित बिहार को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य अपराध के पीड़ित परिजनों से मिलने आज बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव लहरपा गांव पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और न्याय का भरोसा दिलाया साथ ही आर्थिक मदद भी की।

तेजस्वी यादव ने इस घटना को बिहार में बिगड़ती कानून व्यवस्था का ज्वलंत उदाहरण बताते हुए नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह हत्या केवल एक अपराध नहीं, बल्कि सत्ता के संरक्षण में पल रहे सामंती और आपराधिक तत्वों की करतूत है। नीतीश सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, क्योंकि उन्हें सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। मुख्यमंत्री और उनके दोनों उपमुख्यमंत्री कानून व्यवस्था को लेकर पूरी तरह विफल साबित हुए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा, बिहार में आम जनता की जान की कोई कीमत नहीं बची है। लहरपा गांव की इस घटना ने साबित कर दिया कि नीतीश सरकार के राज में न तो गरीब सुरक्षित है और न ही न्याय की कोई उम्मीद। हम इस मामले में पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं और दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

## खुशखबरी: वीकेएसयू की परीक्षा कॉपियों के मूल्यांकन के लिए ज्यादा पारिश्रमिक पाएंगे शिक्षक

**केटी न्यूज/आरा**

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय और उनसे जुड़े महाविद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षकेतर कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। विवि प्रशासन ने परीक्षा से जुड़े कार्यों की पारिश्रमिक की दरें बढ़ा दी हैं। लंबे समय बाद विवि ने पारिश्रमिक की दरें बढ़ायी है। विभिन्न कार्यों के लिए दरों में वृद्धि की गई है।

मालूम हो कि परीक्षा बोर्ड ने स्नातक व पीजी के उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का पारिश्रमिक बढ़ाने का निर्णय लिया था। इस पर सिंडिकेट और वित्त समिति की भी मुहर लग गयी है। विवि ने वर्षों बाद




यूजी, पीजी की परीक्षाओं में वीक्षकों को मिलने वाले पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गयी है। अब परीक्षा केंद्रों के परीक्षा कक्ष में लगे वीक्षकों को प्रति पाली सौ रुपये की जगह दौ रुपये मिलेगा। अगर गर्मी छुट्टी या किसी अवकाश में परीक्षा होती है, तो उसमें 75 रुपये सीए प्रतिदिन के हिसाब से मिलेगा। मालूम हो कि विवि में वर्षों से चले आ रही पारिश्रमिक दर में वृद्धि की गयी है। स्नातक के प्रतिष्ठा और सहायक विषय की उत्तर पुस्तिका की मूल्यांकन दर 20 रुपये की गयी है। साथ ही पीजी के मूल्यांकन की दर 20 की जगह 25 रुपये की गई है। इसके अलावा बाह्य मूल्यांकन केन्द्रों के पारिश्रमिक भी बढ़ा दी गयी है। विवि ने बीएड, यूजी, पीजी, प्री पीएचडी सहित अन्य परीक्षाओं के विभिन्न तरह के पारिश्रमिक में वृद्धि की गयी है। प्रायोगिक परीक्षा, वाइवा, सहायक क्लर्क सहित अन्य को मिलने वाले विभिन्न पारिश्रमिक में बढ़ोतरी की गयी है। शनिवार को विवि के परीक्षा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

## आनंद मिश्रा ने युवाओं को किया संबोधित

**बक्सर।** बिहार विधानसभा चुनाव की हलचल के बीच बक्सर की सियासत गरमाने लगी है। शनिवार को पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा ने टाउन हॉल में भव्य आभार मिलन समारोह का आयोजन कर अपनी राजनीतिक ताकत का जोरदार प्रदर्शन किया। सैकड़ों कार्यकताओं और समर्थकों की भारी भीड़ ने साफ कर दिया कि आनंद मिश्रा बक्सर की राजनीति में बड़ी भूमिका निभाने की तैयारी में हैं। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान से हुई। इस मौके पर पूर्व विधायक श्रीकांत पाठक, युवा उद्यमी प्रत्युष पुष्कर, सामाजिक कार्यकर्ता पिताम्बर जी महाराज, मुखिया अजय राम और अभिषेक पांडेय जैसे विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे।

## हादसे में सब्जी विक्रेता की मौत

**आरा।** गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर एवं खेसरहिया गांव के बीच शुक्रवार की दोपहर अनियंत्रित बाइक बिजली के पोल से टकरा गयी। हादसे में बाइक सवार सब्जी विक्रेता की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवास स्व.सुदर्शन धानुक 20 वर्षीय पुत्र वासुदेव कुमार है। वह पेशे से सब्जी विक्रेता था। कायमनगर बाजार पर सब्जी बेचता था। इधर, मृतक के चाचा रामदेव गोंड ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर जब वह कायमनगर बाजार से सब्जी बेचकर बाइक से वापस घर लौट रहा था। उसी दौरान बीरमपुर एवं खेसरहिया गांव के बीच विपरीत दिशा आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे चकमा दे दिया, जिसके कारण उसकी बाइक अनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकरा गयी, जिसमें उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

## गले में दुपट्टा बांध महिला ने की खुदकुशी

♦ प्रेमी के सड़क हादसे में मौत के बाद उसके द्वारा आत्महत्या करने की जा रही है चर्चा

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव में गले में दुपट्टा बांध एक महिला ने खुदकुशी कर ली घटना को लेकर गांव में आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। वही शुक्रवार को सड़क हादसे में प्रेमी के मौत होने के बाद उसके द्वारा खुदकुशी करने की बात कही जा रही है। घटना की सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस द्वारा घटनास्थल पर एफएसएल के टीम को भी बुलाया गया।

घटना के बाद एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और कई साक्ष्य को एकत्रित कर वहां से



वापस लौट गई। जानकारी के अनुसार मृतक का गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव वार्ड नंबर 3 निवासी कमलेश धानुक की 30 वर्षीया पत्नी रेणु देवी है। इधर मृतका के भैसुर छोटू प्रसाद ने बताया कि वह सुबह मजदूरी करने गए थे। तभी उनकी पत्नी द्वारा फोन कर सूचना दी गई की उनकी भावह ने फांसी लगा ली है। सूचना वह पाकर घर पहुंचे। जिसके बाद स्थानीय थाना भी वहां पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं दूसरी तरफ मृतका के भैंसुर छोटू प्रसाद ने बताया कि उसने फांसी क्यों और कैसे लगाई यह उन्हें नहीं मालूम। इसके अलावा उन्होंने किसी भी व्यक्ति पर किसी प्रकार का कोई आरोप या आशंका भी नहीं जताया है। वही गीधा थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि घटना के बाद उसके पति को पूछताछ के लिए थाने पर लाया गया था।

मामले में पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसी गांव के निवासी स्व.सुदर्शन धानुक के पुत्र वासुदेव कुमार से उसकी पत्नी का दो वर्ष से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। जिसको लेकर गांव में पंचायती भी की गई थी। इसके बावजूद उसकी पत्नी बराबर उससे मिलती थी। शुक्रवार की दोपहर सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। जिसके कारण उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। बताया जाता है कि मृतका को दो पुत्री खुशबू ,लक्ष्मीना व दो पुत्र आशीष एवं छोटक है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतका परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### शाहपुर के जवनिया अग्निपीड़ितों से मिले सांसद सुदामा प्रसाद, बोले...

# गरीबों को पक्का मकान दे सरकार: सांसद

**केटी न्यूज/आरा**

शाहपुर प्रखंड के जवानिया गांव में हुए आगलगी पीड़ितों से मिलने पहुंचे सांसद सुदामा प्रसाद। मिलने के बाद सांसद सुदामा ने आगलगी की घटना की पूरी जानकारी ली। इस दौरान सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि जवानिया में 24 अप्रैल को हुए भयंकर आगलगी से लगभग 40 घर जलकर राख हो गया।

इस आगलगी में 40 घरों के सभी सामान चलकर पूरी तरह से खाक हो गया इसमें करोड़ों रुपए की क्षति पहुंची है। इस दौरान लोगों ने बताया कि कई घरों में शादियां थी,शादी की



तैयारी में गहने-रुपए रखे गए थे सभी जल राख हो गया वह भी लाखों रुपए के गहना रुपया, अनाज, कपड़ा, बर्तन ,जल का जलकर पूरी तरह से राख हो गया। जिससे मवेशी भी जल गई। इस अग्नि कांड में दो लोग भी जल गए जिनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। इस दौरान सांसद सुदामा प्रसाद ने जिला प्रशासन से कहा कि गंगा के किनारे के दियरा इलाके में अक्सर इस भीषण गर्मी में आगलगी की घटनाएं घटती रहती है ऐसी स्थिति में सरकार इन इलाकों को फायर ब्रिगेड जॉन घोषित करे ताकि इन सभी इलाकों के रोकथाम के लिए सुरक्षा के दिया करने हेतु सभी थानों में अग्निशामक गाड़ी, खाद्य-पदार्थ, दवा का बेहतर इंतजाम हो सके साथ ही साथ इन इलाकों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए गौरा में एक बेहतर अस्पताल बनाने की मांग की है। इसके साथी सांसद सुदामा प्रसाद ने इन इलाकों के सभी फुशनुमा घरों को सरकार चिन्हित कर सभी गरीबों को पक्का मकान बनाने की मांग की है ताकि आगलगी की घटनाओं से निजात पाई जा सके।






## राजधानी पटना के कलेक्ट्रेट घाट पर हुआ हादसा, बचाने में जुटी गांधी मैदान थाना की पुलिस

# एक दूसरे को बचाने के चक्कर में गंगा नदी में डूबे तीन दोस्त, मौत



**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना में गंगा नदी में डूबने से तीन दोस्तों की मौत हो गई है। जिसके बाद मौके पर हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही गांधी मैदान थाने की पुलिस के साथ-साथ एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची। काफी देर तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। जिसके बाद तीनों को पानी से बाहर निकाला गया। आनन-फानन में तीनों दोस्तों को पीएमसीएच ले जाया गया। लेकिन, डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आदित्य, सोनू और विनीत तीनों एक साथ कलेक्ट्रेट घाट पर बैठे थे और बातें कर रहे थे। फिर तीनों ने गंगा नदी में नहाने के लिए छलांग लगाई। इस दौरान विनीत पानी में डूबने लगा। फिर उसे बचाने के लिए सोनू और आदित्य ने कोशिश की। लेकिन, एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में देखते ही देखते तीनों गहरे पानी में डूब गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वो बचा नहीं सके। वहीं तीनों की मौत के बाद परिवार में मातम फैल गया है। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। राजधानी पटना में गंगा नदी में नहाने के दौरान 3 दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। जिसके बाद मौके पर हड़कंप मच गया। तीनों दोस्तों की पहचान दीघा घाट के गंगा कॉलोनी बिहार के सोनू राज (19 वर्ष), मंदिरी के विनीत कुमार (20 वर्ष) और दुजरा बुद्धा कॉलोनी के निवासी आदित्य कुमार (19 वर्ष) के रूप में हुई है। डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित किया। घटना की सूचना मिलते ही गांधी मैदान थाने की पुलिस के साथ-साथ एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची। काफी देर तक ऑपरेशन चला, जिसके बाद तीनों दोस्तों को निकाला गया। आनन-फानन में तीनों दोस्तों को पीएमसीएच ले जाया गया। लेकिन, डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तीनों कुछ देर तक घाट पर ही बातें करते रहे। फिर गंगा में नहाने उतर गए। विनीत गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने के चक्कर में सोनू और आदित्य भी डूबने लगे और देखते ही देखते तीनों डूब गए। मौजूद लोगों ने देखा तो कुछ लोग गंगा में उतरे भी लेकिन तीनों को बचाया नहीं जा सका।


## सड़क हादसे में वकील समेत दो लोगों की मौत

**हाजीपुर।** हाजीपुर में दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक वकील भी शामिल हैं। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच 22 के काजीपुर थाना क्षेत्र के एकरा ओवर ब्रिज पर तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पलट गई। कार पलटी मारते हुए दूसरी लेन में जाकर एक बाइक सवार पर पलट गई। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति और कार सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया। मृतक बाइक सवार व्यक्ति की पहचान गोरौल थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव निवासी रामजतन सिंह के पुत्र कौशल किशोर सिंह बताए गए हैं। वहीं कार सवार मृतक युवक की पहचान हाजीपुर स्टेशन रोड निवासी मनोज पासवान के 22 वर्षीय पुत्र विशाल उर्फ गोलू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गोलू कार सवार होकर सराय की तरफ जा रहा था, तभी हाजीपुर मुजफ्फरपुर एनएच 22 के काजीपुर थाना क्षेत्र के एकरा ओवर ब्रिज पर अनियंत्रित होकर कार पलट गई। कार पलटते हुए दूसरे लेन में जाकर एक बाइक सवार पर पलट गया। जिससे बाइक सवार अधिवक्ता कौशल किशोर सिंह की मौत हो गई। बताया गया कि कोर्ट में बार काउंसिल का आज चुनाव हो रहा था। कौशल किशोर सिंह अपने घर से बाइक सवार होकर वोट गिराने हाजीपुर कोर्ट आ रहे थे। तभी यह घटना घट गई। दोनों की मौत के बाद दोनों के परिजनों में कोहरा मच गया है। सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# एकजुट होकर काम करें एनडीए कार्यकर्ता

**केटी न्यूज/पटना**

नीतीश कुमार ने शनिवार को यहां जदयू कार्यालय में बिहार जदयू विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ता समागम का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ता साथी पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। आप सब न्याय के साथ विकास के सरकार के संकल्प को जमीन पर क्रियान्वित करने में सहयोग करेंगे। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में पूरी मजबूती के साथ पार्टी को जीत दिलाने में आप लोग अपना पूरा योगदान देंगे। आप सबसे आग्रह है कि पूरी ताकत से एकजुट होकर काम करें। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हम लोगों ने समाज के सभी वर्गों एवं राज्य के सभी क्षेत्रों के विकास के लिये काम किया है। महिलाओं के उत्थान के लिए काफी कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि हम शुरू से राजग के साथ रहे हैं, बीच में हम उधर चले गये थे लेकिन अब कहीं नहीं जायेंगे, राजग के साथ ही रहेंगे। हमलोग राजग के सभी साथी एकजुट होकर बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। सूबे में फिर एनडीए की सरकार बनेगी।




# दर्दनाक : गोपालगंज में पहले किया 20 साल की युवती का कत्ल... फिर तेजाब से जलाया शव

**केटी न्यूज/गोपालगंज**



जिले से एक दिल को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर एक युवती की बेरहमी से हत्या कर दी गई। इतना ही नहीं, फिर शव को तेजाब से जला दिया। वहीं, मौके पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, मामला जिले के बरौली थाना क्षेत्र का है। मृतका की पहचान बखरौर जद्दीगांव निवासी शिव दयाल राम की बेटी सुधा कुमारी (20) के रूप हुई है।

मृतका के पिता ने बताया कि उनकी बेटी 21 अप्रैल से लापता थी। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। एक युवक मैरिज हॉल के पीछे लीची के बगीचे के पास शौच करने के लिए गया था, तभी उसे तेज दुर्गंध आने लगी। इसके बाद उसने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। जब वहां पर जाकर देखा तो एक युवती का क्षत-विक्षत हालत में शव पड़ा हुआ था। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। पहचान छिपाने के लिए शव पर तेजाब डाला गया था। वहीं, शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सक्षमता परीक्षा की तिथि घोषित

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सक्षमता परीक्षा, तृतीय के लिए आवेदन लेने व की तारीख घोषित कर दी गई है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनन्द किशोर ने दी। परीक्षा अवधि दो घंटा 30 मिनट की होगी। अध्यक्ष आनन्द किशोर ने बताया कि सक्षमता परीक्षा, तृतीय का आयोजन दिनांक 10 मई 2025 से 15 मई 2025 तक किया जायेगा। सक्षमता परीक्षा, तृतीय में सम्मिलित होने के लिये 30,221 शिक्षक अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। इस परीक्षा का परीक्षाफल समिति ने 31 मई, 2025 तक जारी करने का लक्ष्य रखा है। तृतीय में सम्मिलित होने के लिये कक्षा 1-5, कक्षा 6-8, कक्षा 9-10 एवं कक्षा 11-12 के शिक्षक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।




## सीवान में पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर पति ने की आत्महत्या

**सीवान।** जिले में रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के पिपरा गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान पिपरा गांव निवासी रामजी गोड़ के पुत्र रंजीत गोड़ के रूप में हुई है। रंजीत का शव गांव के बगीचे में एक पेड़ से फंदे पर लटका हुआ बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि रंजीत गोड़ का अपनी पत्नी के साथ आए दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। घटना से एक दिन पहले, यानी शुक्रवार की देर शाम, गाय को चारा खिलाने को लेकर दंपती के बीच फिर से तीखी नोकझोक हुई।

# शराब माफियाओं ने थाने पर किया हमला, थाना प्रभारी सहित कई पुलिसकर्मी घायल

**केटी न्यूज/कटिहार**



जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। जहां शराब तस्करी के आरोप में पकड़े गए युवक को छुड़ाने के लिए परिजनों और गांव वालों ने थाना पर हमला बोल दिया। हमले में थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी कटिहार अस्पताल में इलाजरत हैं।घटना कटिहार जिले के डंडखोरा थाना की है। जहां पुलिस ने एक युवक को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसके बाद युवक के परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में थाने पहुंच गए और देखते ही देखते भीड़ ने थाने पर हमला कर दिया। पथराव और मारपीट में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस को आत्मरक्षा में कई राउंड हवाई फायरिंग भी करनी पड़ी। हालांकि, गोलीबारी की आधिकारिक पुष्टि पुलिस की ओर से अभी नहीं की गई है। घटना के बाद इलाके में तनाव बना हुआ है और भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। फिलहाल, पुलिस उपद्रवियों की पहचान कर कार्रवाई में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, डंडखोरा पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में आरोपी सूरज कुमार को गिरफ्तार किया था। इसे जेल भेजना था। लेकिन सुबह ही शराब तस्करों के परिजन और गांव के लोगों ने मिलकर डंडखोरा थाना पर हमला बोल दिया तथा हमला करने वाले भीड़ ने हाजत से शराब तस्कर को छुड़ाने की कोशिश भी की। हमले के दौरान थाना परिसर में जमकर हंगामा हुआ तथा पथराव और तोड़फोड़ की गई। हमले के दौरान आत्मरक्षा के लिए पुलिस को कई राउंड गोलियां भी चलानी पड़ी है। हालांकि, हवाई फायरिंग करने की कोई आधिकारिक पुष्टि पुलिस प्रशासन की तरफ से नहीं की गई है। वहीं, हमले के बाद डंडखोरा थाना परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। जिले के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला तथा इलाके में तनावपूर्ण माहौल व्याप्त रहा।

## पटना स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने की घोषणा

# सभी बीडीओ अब मिलेंगे नए भवन व गाड़ियां

**केटी न्यूज/पटना**



राज्य के सभी 534 प्रखंडों के अपने भवन होंगे। कई प्रखंडों के भवन का निर्माण हो गया है, लेकिन जिनके भवन नहीं बने हैं, वहां जल्द इसका निर्माण कराया जाएगा। यह घोषणा ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने की। वे शनिवार को शहर के शास्त्रीनगर स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम सह प्रखंडों के लिए सरकारी वाहन वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद सभी प्रखंडों से आए बीडीओ समेत अन्य विभागीय अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी बीडीओ से कहा कि नया भवन मिल रहा है, नई गाड़ी समेत अन्य सभी सुविधाएं मिल रही हैं। अब योजनाओं का क्रियान्वयन पूरा मन लगाकर करें। ताकि आम लोगों को इससे लाभ मिले। गांव के गरीबों का इस विभाग पर बहुत भरोसा है। इस कार्यक्रम में विभागीय मंत्री ने बचे हुए 422 प्रखंडों के बीडीओ को नई गाड़ी की चाबी सौंपी। गौरतलब है कि पहले चरण में इस वर्ष 1 मार्च को 112 प्रखंडों के बीडीओ को गाड़ी की चाबी दी गई थी। दूसरे चरण में बचे हुए प्रखंडों को वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में उल्लेखनीय कार्य करने वाले बीडीओ को सम्मानित किया। इसमें मंच पर बुलाकर टॉप-10 बीडीओ के अलावा विभाग के अन्य स्तर के पदाधिकारियों और कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। मंत्री ने मंच पर 7 अलग-अलग प्रखंड के बीडीओ को सम्मानित किया। ऐसे उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित होने वाले बीडीओ की संख्या 38 है। यानी प्रत्येक जिला के एक प्रखंड के बीडीओ को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर मंत्री ने सख्त लहजे में सभी बीडीओ को यह भी कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटन में सचेत होकर काम करें। कुछ स्थानों से यह भी शिकायत मिल रही है कि जिन लोगों के पास 2-3 मंजिला घर है, उन्हें आवास योजना का लाभ दे दिया गया है। यह बिना मिली-भगत के संभव नहीं है। इसमें डाटा इंट्री ऑपरेटर के स्तर पर भी सूची तैयार करने में गड़बड़ी की जाती है, इसका ध्यान रखने की आवश्यकता है।



# ‘विभाजन के समय अगर बाबा साहेब की बात मान लेते तो आज देश में ऐसी हालत नहीं होती’



## बाबूलाल मरांडी ने बाबा साहेब के देश के प्रति किए गए योगदान की चर्चा की।

**दुमका, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज देश में धर्म के नाम पर हो रही हिंसात्मक घटना पर बड़ा बयान दिया है। पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा आयोजित भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान सह संगोष्ठी कार्यक्रम में दुमका पहुंचे।

इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बाबा साहेब पहले तो देश का विभाजन ही नहीं चाहते थे। बाद में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर धर्म के आधार पर भारत का विभाजन हो रहा है तो आबादी का भी इसी आधार पर ट्रांसफर हो जाना चाहिए। धर्म के आधार पर पाकिस्तान बन रहा है तो मुस्लिम को वहां भेज देना चाहिए। बाबा साहेब अंबेडकर की बातों को अगर उस वक्त मान लिया गया होता तो आज देश में जो घटनाएं घट रही हैं वह नहीं घटती।

आज दुमका के केबी वाटिका में भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान सह संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन सहित कई नेता और काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

बाबूलाल मरांडी ने बाबा साहेब के देश के प्रति किए गए योगदान की चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आप सभी बाबा साहेब के संविधान का अक्षरशः पालन करते हुए उनके बताए गए मार्गों पर चलें। बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी की जब सत्ता चली गई तो उन्होंने बाबा साहेब के संविधान को ताक पर रख दिया और देश में इमरजेंसी लगा दी।

ऐसे कई अवसर आए जब कांग्रेस के लोगों ने संविधान की धज्जियां उड़ाई। हाल के दिनों में लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव या फिर सदन में इंडिया गठबंधन, जिसमें कांग्रेस प्रमुख है, यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा है, उनके नेता संविधान की पुस्तक हाथ में लेकर घूमते हैं और भाजपा पर संविधान के अपमान करने का आरोप लगाते हैं।

वे दुष्प्रचार करते हैं कि भाजपा संविधान में छेड़छाड़ करेगी, आरक्षण को समाप्त करेगी पर ऐसा कुछ नहीं होने जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भीमराव अंबेडकर से जुड़े पांच स्थानों को तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

सरायकेला में भी भाजपा के द्वारा आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर के सभागार में डॉ। भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक चंपाई सोरेन ने कांग्रेस पार्टी के पर हर समय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ। भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने डॉ0 अंबेडकर को चुनाव में हराकर उन्हें अपमानित करने का काम भी किया था। जबकि भाजपा ने संविधान निर्माता डॉ। अंबेडकर को हमेशा सम्मानित करने का काम किया है। जबकि हम भाजपा के लोग उनके द्वारा निर्मित संविधान को जेब में नहीं, बल्कि दिल में रखते हैं।

## आइआइटी आइएसएम में नये सत्र से सात नये कोर्स शुरू होंगे

**धनबाद, एजेंसी।** आइआइटी आइएसएम में एकेडमिक वर्ष 2025-26 से सात नये कोर्स शुरू हो रहे हैं। शुरू होने वाले नये कोर्सस में बीटेक के पांच वर्षीय दो कोर्स व एमटेक प्रोग्राम में सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा चार नये कोर्स शुरू समेत कुल सात प्रोग्राम शुरू हो रहे हैं। सातवें प्रोग्राम के तहत आइआइटी आइएसएम ने आइआइएम मुंबई के साथ मिलकर एकीकृत बीटेक-एमबीए कार्यक्रम भी शुरू करने जा रहा है। इस कार्यक्रम में माइनिंग इंजीनियरिंग में बीटेक और लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन मैनेजमेंट में एमबीए डिग्री का संयोजन किया गया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से शुरू होने वाला यह कार्यक्रम प्रारंभ में आइआइटी (आइएसएम) धनबाद और आइआइएम मुंबई के मुंबई परिसर में संचालित होगा।

60 छात्रों की क्षमता वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी इंजीनियरिंग शिक्षा और प्रबंधन प्रशिक्षण के बीच की खाई को पाटना है। यह पहल वैश्विक स्तर पर विकसित हो रहे माइनिंग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों के अनुरूप नई पीढ़ी के पेशेवरों को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

संस्थान ने दो पांच वर्षीय एकीकृत बीएस-एमएस कार्यक्रम शुरू करने जा रही है। इसमें बीएस-एमएस फिजिक्स और बीएस एमएस कमेस्ट्री शुरू किया जा रहा है। बीएस-एमएस फिजिक्स कोर्स छात्रों को गहन सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा। इसमें प्रवेश जेइइ (एडवांस्ड) परीक्षा के माध्यम से होगा। इस कोर्स में क्वांटम मैकेनिक्स, ठोस अवस्था भौतिकी, इलेक्ट्रोडायनामिक्स, लेजर भौतिकी जैसे विषय शामिल हैं, साथ ही छात्रों को शोध और उद्योग से जुड़ने के अवसर भी मिलेंगे। इसके अलावा, कमेस्ट्री विभाग ने भी एक अभिनव बीएस-एमएस एकीकृत कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। यह कार्यक्रम चार साल के स्नातक अध्ययन और एक वर्ष के स्नातकोत्तर विशेषीकरण के साथ तैयार किया गया है।

इच्छुक छात्र चार वर्षों के बाद बीएस की डिग्री लेकर भी बाहर जा सकते हैं। कोर्स में आधुनिक प्रयोगशालाएं, अनुसंधान परियोजनाएं और उद्योग से इंटर्नशिप के अवसर शामिल हैं।

सिविल इंजीनियरिंग विभाग चार एमटेक कोर्स शुरू कर रहा हैआइआइटी आइएसएम का सिविल इंजीनियरिंग विभाग सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में चार नये एमटेक कार्यक्रम शुरू शुरू कर रहा है। इन कोर्स में नामांकन प्रक्रिया जारी है। सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा जिन क्षेत्रों में एमटेक कोर्स शुरू किया गया है इनमें स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग, जल संसाधन इंजीनियरिंग और परिवहन इंजीनियरिंग शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जदयू बर्मामाइंस मंडल का विस्तार, रवींद्र ठाकुर समेत चार महामंत्री नियुक्त

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जनता दल (यूनाइटेड) बर्मामाइंस मंडल का विस्तार करते हुए मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। नई कार्यकारिणी में रवींद्रनाथ ठाकुर, दीपक तिवारी, गंगाधर पांडे और हेमू राव को मंडल महामंत्री मनोनीत किया गया है। वहीं, बबलू राय, प्रकाश कुमार और एमडी अजमद को उपाध्यक्ष बनाया गया है। मनोज भगत, भोला रजक, विकास रजक, एमडी फिरोज, रोबिन कुमार, शुभम सिंह और एमडी सामद को मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अजय रजक और दुर्गा रजक को संगठन मंत्री, रोसो बेहरा और राकेश झा को कोषाध्यक्ष, शंभू झा को मीडिया प्रभारी तथा विक्की मुखी को अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी अंतिम व्यक्ति तक जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करें और जनसरोकार से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### मानगो फ्लाईओवर पर बेबुनियाद आरोप बंद करे कांग्रेस : जदयू

**जमशेदपुर, एजेंसी।** मानगो फ्लाईओवर मुद्दे पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे और बन्ना गुप्ता समर्थकों की ओर से दिए गए बयानों पर जनता दल (यू) जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने जनहित में किए जा रहे विकास कार्यों का समर्थन है, लेकिन झूठे आरोपों से जनता को गुमराह करने की साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बयान जारी कर श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि जदयू मानगो में बन रहे मुख्य फ्लाईओवर के पूर्ण समर्थन में है और विधायक सरयू राय इसके शीघ्र निर्माण के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि पायल सिनेमा की ओर बनने वाले फ्लाईओवर की वन वे व्यवस्था के कारण सड़क संकरी हो जाएगी, इसपर पुनर्विचार कर समाधान निकालना जरूरी है।इसके अलावा उन्होंने टिमकेन गोलचक्कर पर भारी वाहनों के कारण लगने वाले जाम से निजात के लिए उस मार्ग को भी फ्लाईओवर योजना से जोड़ने की मांग की। भुइयांडीह लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी तक प्रस्तावित फ्लाईओवर का श्रेय भी विधायक सरयू राय को दिया, जो मात्र 40 करोड़ में तैयार किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 2014–19 के बीच स्वीकृत शास्त्रीनगर बाईपास योजना को बन्ना गुप्ता ने रोक दिया, जिससे वह अधूरी रह गई। अंत में कांग्रेस नेताओं को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि वे सस्ती लोकप्रियता पाने के बजाय जनहित पर ध्यान दें।

### चतरा में अपराधी को पकड़ने गई पुलिस पर फायरिंग, चौकीदार घायल

चतरा, एजेंसी। जिले के वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के केवाल गांव में एक बार फिर अपराधी ने तांडव मचाया। अपराधी को पकड़ने गई पुलिस पर अपराधी ने गोली चला दी, जिसमें वशिष्ठ नगर थाना के चौकीदार रामप्रवेश कुमार घायल हो गए। घायल चौकीदार को तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि केवाल गांव में एक अपराधी हथियार के साथ घूम रहा है। इस सूचना पर वशिष्ठ नगर थाना की पुलिस तुरंत कार्रवाई के लिए गांव पहुंची और अपराधी को पकड़ने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर अपराधी ने गोली चला दी, जो चौकीदार रामप्रवेश कुमार के बांह में लगी।गोलीबारी के बाद भी पुलिस ने हिम्मत नहीं हारी और अपराधी को दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गए अपराधी की पहचान केवाल गांव के ही मुनेश्वर गंझू के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही चतरा के एसपी विकास कुमार पांडेय, एसडीपीओ संदीप सुमन और सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार सदर अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने घायल चौकीदार से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और घटना की जांच शुरू कर दी।पुलिस ने अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस घटना ने एक बार फिर चतरा में अपराधियों के बढ़ते हौसले को उजागर किया है। स्थानीय लोग पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और अपराधियों पर नकेल कसने की मांग कर रहे हैं। चतरा एसपी विकास कुमार पांडेय ने आश्वासन दिया है कि मामले की गहन जांच की जाएगी और दोषी को कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

## मॉल में गोली चली, धनबाद सीओ का भांजा जख्मी

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद स्थित सरायढेला थाना क्षेत्र के ओजोन गैलेरिया मॉल के फोर्थ फ्लोर में बार के बगल में स्थित जेंट्स वॉशरूम में गोली चलने से नूतनडीह में रहने वाले सुनील कुमार वर्णवाल जख्मी हो गए। वे धनबाद सीओ के भांजा हैं। घटना गुरुवार की रात की है। जख्मी सुनील को इलाज के लिए असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली सुनील के पेट में लगी है। इससे पूर्व गोली चलने की आवाज से कॉल में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मॉल से निकलने वाले सभी रास्तों को बंद करा दिया। पुलिस जांच के दौरान 45 मिनट तक लोग मॉल में फंसे रहे। जांच पूरी होने के बाद सभी को जाने की अनुमति दी।

डॉक्टर के मुताबिक, वे खतरे से बाहर है। गोली मनोरम नगर में रहने वाले बिल्डर चंदन सिंह की पिस्टल से चली। घटना की सूचना पर डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम और सरायढेला थाना प्रभारी नूतन मोदी मौके पहुंचे। पुलिस को वॉशरूम से एक और काफी हाउस के पास गलियारे में एक जिंदा गोली मिली हैं।

वॉश रूम और गलियारा में खून के छींटे नहीं मिले। पुलिस ने पिस्टल को जब्त कर लिया है। पिस्टल का लाइसेंस है या नहीं, पुलिस इसकी जांच कर रही है। डीएसपी नौशाद आलम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पिस्टल के जमीन पर गिरने से गोली चलने की बात सामने आई है। पिस्टल को जब्त कर लिया गया है। सभी बिंदुओं पर जांच हो रही है।

**वॉशरूम में पिस्टल के गिरने से अचानक चली गोली, पेट में लगी :** डीएसपी और थाना प्रभारी ने बताया कि जांच में प्रथमदृष्ट्या पिस्टल के जमीन पर गिरने से गोली चलने की बात सामने आई है। पुलिस को बयान में जख्मी सुनील कुमार वर्णवाल ने बताया कि पिस्टल जमीन पर गिरने के बाद गोली लग गई। चंदन ही उसे वॉश रूप से जख्मी हालत में अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। वहीं, चंदन ने भी अपने बयान में यही बात पुलिस को बताई है।

## प्रदेश कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली 03 मई को रांची में

**रांची, एजेंसी।** झारखंड कांग्रेस संविधान रक्षा कार्यक्रम के तहत 03 मई को रांची के विधानसभा मैदान में संविधान बचाओ रैली करेगी। झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर इसकी जानकारी दी। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और उपनेता राजेश कच्छप की उपस्थिति में केशव महतो कमलेश ने कहा कि आज हमारा संविधान खतरे में है। देश में लगातार संविधान और संविधान द्वारा गठित संस्थानों पर हमले हो रहे हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी और हमारे नेता राहुल गांधी-मल्लिकार्जुन खड़गे बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान की रक्षा के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

**पहलगाम आतंकी घटना की निंदा की:** वहीं इस मौके पर कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने पहलगाम में हुए आतंकी घटना की तीव्र शब्दों में निंदा करते हुए केंद्र सरकार से कठोर एक्शन लेने की मांग की है। प्रदीप यादव ने कहा कि इतने महत्वपूर्ण समय में जब पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी से पहलगाम आतंकी घटना के दोषियों को सबक सिखाने की उम्मीद लगाए बैठा है तो प्रधानमंत्री बिहार में रैली कर रहे हैं।

**40 दिनों का है कांग्रेस का संविधान रक्षा कार्यक्रम :** झारखंड पीसीसी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संविधान में भारत के नागरिकों को अधिकार दिए गए हैं, उनके अधिकारों को छीनने का प्रयास सत्ताधारी दल द्वारा किया जा रहा है। संविधान बदलने का मुखर अभियान देशवासियों के बीच चलाया जा रहा है। इस वास्तविकता से जनता को अवगत कराने के लिए राज्य स्तर के बाद जिला और विधानसभा स्तर पर झारखंड कांग्रेस रैली आयोजित करेगी। उसके बाद पार्टी के नेता-कार्यकर्ता घर-घर जाकर संविधान में दिए गए अधिकारों से लोगों को अवगत कराएंगे, संविधान के प्रति जागरूकता का यह महाअभियान है।उन्होंने कहा कि जिस दिन आम लोगों के घरों में बाबा साहेब का संविधान होगा और जनता सजग रहेगी, तब तक कोई उनके अधिकार को छीन नहीं सकेगा।



**देश में वैमनस्य फैलाना चाहते थे आतंकी-प्रदीप यादव :** झारखंड कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि पहलगाम की घटना निंदनीय है। जिस प्रकार हिंदुओं को चुन-चुन कर मारा गया है उससे साफ है कि आतंकी चाहते हैं कि देश में वैमनस्यता फैलै, देश की एकता कमजोर हो। उन्होंने कहा कि इस मामले में भारत सरकार को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। आज देश में एकता की जरूरत है। आतंकियों और उनके पीछे बैठे पाकिस्तान की मंशा पर हमें पानी फेरना है। प्रदीप यादव ने कहा कि दुखद यह है कि भाजपा भी अपने फोल्डर से देश की एकता को कमजोर करने वाले तथ्यों को परोस रही है।

**राहुल गांधी ने आपसी सद्भाव के लिए पदयात्रा की-राजेश कच्छप :** वहीं कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि इस देश में खाई सी बनती जा रही है, इसे पाटने के लिए उनके नेता राहुल गांधी ने एकता का संदेश देने के लिए पूरे भारतवर्ष की पदयात्रा की। कांग्रेस का मकसद है कि देश एक सूत्र में बंधा रहे। संविधान और कानून के अनुरूप देश चले। पहलगाम की घटना के विरोध में कांग्रेस सरकार के साथ खड़ी है, इस घटना के पीछे जिसका भी हाथ हो उसका पर्दाफाश हो,जो चूक हुई है उसकी जांच हो ताकि भविष्य में पुनरावृत्ति ना हो।

देश को सुरक्षित रखने के लिए कांग्रेस ने कीमत चुकायी है और संवैधानिक मूल्यों को सुरक्षित रहने के लिए आगे भी संघर्षरत रहेगी।

## हजारीबाग से जीएसटी चोरी का बड़ा मामला हुआ उजागर, करोड़ों का बिजनेस करने वाला एमके एंटरप्राइजेज निकला फर्जी

**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग जिले से करीब 1 करोड़ जीएसटी चोरी का मामला सामने आया है। यह मामला राज्य-कर संयुक्त आयुक्त कार्यालय हजारीबाग अंचल से जुड़ा है। राज्य-कर विभाग मामले की गहनता से जांच कर रही है। मामले में व्यवसायी का कहना है कि रिटर्न भरने वाले एजेंट ने उसके साथ धोखाधड़ी की है, उसे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। इसके अलावा जिले में करोड़ों रुपये के छड़-सीमेंट की बिक्री करने वाला एमके इंटरप्राइजेज भी जांच में फर्जी निकला है।

जानकारी के अनुसार चतरा जिले में एनटीपीसी टंडवा का रहने वाला व्यवसायी पिंटू कुमार गुप्ता को एफएमसीजी (फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स) व्यवसाय करने के लिए विभाग से जीएसटी नंबर जारी है। मसलन व्यवसायी पिंटू कुमार खाद्य पदार्थ,




पेय पदार्थ, साबुन और सौंदर्य पदार्थ से जुड़े सामग्रियों की खरीद-बिक्री कर सकता है, लेकिन व्यवसायी इनके स्थान पर छड़-सीमेंट की बिक्री कर रहा था। इस तरह व्यवसायी ने अब तक लगभग 1 करोड़ जीएसटी की चोरी की है। व्यवसायी पिंटू कुमार दूसरे डीलर को आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) का लाभ पहुंचाने में भी मददगार बना है। छड़-सीमेंट की बिक्री राज्य के बाहर भी किया गया है, जिससे 5 करोड़ से अधिक का बिजनेस हुआ है।

प्रमंडलीय अपर आयुक्त के निर्देश बाद अधिकारियों की एक जांच दल ने मामले को उजागर किया है। अधिकारी मामले की सभी पहलुओं की जांच कर रहें हैं। अधिकारीयों का कहना है कि व्यवसायी से कर की वसूली होगी। इधर व्यवसायी पिंटू कुमार ने इस संबंध में अधिकारियों को बताया कि इस पूरे मामले में उसका कोई लेना-देना नहीं है। रिटर्न भरने वाले एजेंट ने मेरे साथ धोखाधड़ी की है। इधर जीएसटी चोरी का मामला उजागर होने के बाद से एजेंट फरार है। जिले में करोड़ों रुपये के छड़-सीमेंट की बिक्री करने वाला एमके इंटरप्राइजेज जांच में फर्जी निकला है।

अपर आयुक्त के निर्देश के बाद हजारीबाग अंचल एवं आईबी की संयुक्त टीम ने एमके इंटरप्राइजेज के पते पर पहुंची, लेकिन जांच में एमके इंटरप्राइजेज का पता फर्जी निकला। इस संबंध में अधिकारीयों का कहना है कि हजारीबाग जिले के ओकनी के पते पर एमके एंटरप्राइजेज ने छड़-सीमेंट बिजनेस के लिए विभाग से जीएसटी नंबर लिया है। जीएसटी नंबर के अनुसार करोड़ों रुपये के छड़-सीमेंट का बिक्री दिख रहा है, लेकिन एमके एंटरप्राइजेज का पता ही जांच में फर्जी निकला।

# सरकार का बड़ा फैसला, बढ़ाया जाएगा 49 नगर निगमों का दायरा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। नगर विकास विभाग ने राज्य के सभी 49 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के बाहरी क्षेत्र को चिह्नित कर दायर बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया है। निकायों के बढ़े दायरे में बनने वाले सभी मकानों का नक्शा पास करने की जिम्मेदारी संबंधित नगर निकायों के प्रशासकों के अधीन होगी। ऐसा इसलिए ताकि बेतरतीब तरीके से निकाय क्षेत्र के प्रस्तावित दायरे में बने मकान सुनियोजित हो सके। इसके लिए एक सीमित चार्ज लिया जाएगा। फिलहाल विभाग ने नक्शा पास करने के लिए दायरा बढ़ाने की तैयारी की है। भविष्य में बढ़े दायरे वाले क्षेत्रों में सीवरेज ट्रीटमेंट, बिजली, पानी की पाइपलाइन पर भी काम होगा।

निकायों के दायरे को अलग-अलग वर्षों की जनसंख्या के आधार पर बढ़ाने की तैयारी है। प्रस्ताव के अनुसार, वर्ष 2037 की जनसंख्या के मानक के आधार पर रांची का सबसे अधिक 476।90 वर्ग किमी दायर बढ़ाने की तैयारी है। वर्ष 2041 की जनसंख्या के मानक को ध्यान में रखकर धनबाद का 302।15 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र बढ़ेगा। वर्ष 2040 की




जनसंख्या के मानक के आधार पर सबसे कम दायरा का विस्तार मझआंव नगर पंचायत का किया जाएगा, जो 5।26 वर्ग किमी हो सकता है। वहीं विश्रामपुर नगर पंचायत का विस्तारित क्षेत्र शून्य होगा।

आरआरडीए की तर्ज पर गठित अन्य विकास प्राधिकारों पर होगा जिम्माः बीते दिनों मंत्री सुदिव्य कुमार की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा तैयार प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इसमें 49 नगर निकायों के बाहर संभावित दायरा विस्तार वाले क्षेत्रों को रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार (आरआरडीए) की तर्ज पर चिह्नित करते विस्तार करने का निर्णय लिया गया। निकायों का दायरा टायर-वन (पांच किमी), टायर-टू (तीन किमी) और टायर-तीन (दो किमी) जैसे वर्गीकरण पर आधारित है। विकास का दायित्व आरआरडीए की तर्ज पर गठित कोल्हान, पलामू, संताल परगना और उत्तरी छोटानागपुर विकास प्राधिकार का होगा।

विभाग का मानना है कि सभी यूएलबी के सटे बाहर भूमि की उपलब्धता एवं अन्य कारणों से टाउन प्लानिंग के मानकों को दरकिनार कर तेजी से शहरीकरण का काम हो रहा है या हो चुका है। अगर इसे रोका नहीं गया तो तो बेतरतीब तरीके से हो रहा शहरीकरण मूल शहरों के लिए समस्याएं पैदा कर सकता है। विस्तारित क्षेत्र में काफी तेजी से नए आवास, अपार्टमेंट, अस्पताल समेत स्कूल-कॉलेज आदि बने हैं। विस्तारित क्षेत्रों का आज तक संरचनात्मक विकास नहीं हो सका है। न ही बने मकानों को रेगुलाइज किया गया है।

## गश्ती पर गई पुलिस टीम को समझ लिया किडनी चोर, ग्रामीणों ने कर दिया हमला

**बरहेट (साहिबगंज)।** साहिबगंज जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के चिहारपहाड़ गांव में गुरुवार की रात किडनी चोरी की अफवाह पर ग्रामीणों ने पुलिस की गश्ती पार्टी पर हमला कर दिया। पुलिस के वाहन में तोड़फोड़ की।

इस हमले में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। इनमें से एक को रेफर कर दिया गया है। गुरुवार की देर रात थाना क्षेत्र की भोगनाडीह पंचायत के चिहार पहाड़ गांव में किडनी चोर के आने की अफवाह उड़ी। देखते ही देखते सैकड़ों लोग एकत्र हो गए। इसी दौरान पुलिस का गश्ती दल वहां पहुंचा। वाहन आते देख ग्रामीणों ने सड़क को लकड़ी रखकर जाम कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने नकली पुलिस समझकर लाठी, डंडा और धारदार हथियार से पुलिस पर हमला कर दिया।

इस घटना में ड्यूटी में तैनात एएसआई पवन कुमार सिंह, आरक्षी 318 मो। सादिक अली, हवलदार ललित चौहान, गश्ती वाहन चालक सुनील मड़ैया घायल हो गए।

मामले की जानकारी मिलते ही बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा घायल पुलिस कर्मियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया। हवलदार ललित चौहान की आंख के पास गंभीर चोट लगी है।इस कारण डॉ. चौधरी चंद्रशेखर प्रसाद चंद ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया0

## संक्षिप्त समाचार

### 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट; तेज हवाओं से बदलेगा मौसम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** तपती गर्मी और लू के बीच मौसम विभाग ने राहत की खबर दी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि देश के विभिन्न हिस्सों में अगले सात दिनों तक भारी बारिश, तेज हवाएं और ओलावृष्टि की संभावना है। वहीं, कुछ इलाकों में लू की स्थिति बनी रह सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और विदर्भ क्षेत्र में 26 से 28 अप्रैल के बीच ओलावृष्टि हो सकती है। वहीं, 1 मई तक इन क्षेत्रों में 50-60 किमी/घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग का कहना है कि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भी 26-27 अप्रैल के दौरान हल्की वर्षा और गरज-चमक संभव है। वहीं, मौसम विभाग का कहना है कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 26 अप्रैल से 1 मई तक लू की स्थिति बन सकती है। गुजरात, तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश में गर्मी के साथ उमस भरा मौसम रहने की चेतावनी है। राजस्थान में 26 से 29 अप्रैल तक गर्म रातें रहने की संभावना है। उत्तर-पूर्व भारत में मूसलाधार बारिश के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग का कहना है कि अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मिज़ोरम और त्रिपुरा में अगले 7 दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके साथ ही 40-60 किमी/घंटे की रफ्तार वाली तेजं हवाएं चलने की संभावना है। 26-27 अप्रैल को असम और मेघालय में बहुत भारी वर्षा और अरुणाचल में भी भारी बारिश का अनुमान है। 28-29 अप्रैल को नागालैंड, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। दक्षिण भारत की बात करें तो कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। केरल में भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

### 'एक राष्ट्र एक चुनाव' से विकास को पंख लगेंगे: शिवराज सिंह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि देश में साल भर कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं जिसकी वजह से विकास कार्य ठप हो जाता है। उन्होंने कहा कि ' एक राष्ट्र,एक चुनाव' होने से विकास को पंख लगेंगे। सरकारी व्यवस्थाओं पर से बोझ कम होगा। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का जो सपना देखा है, उसे हम सब को मिल कर साकार करना है। एक बयान के मुताबिक गांधी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा,'' एक राष्ट्र एक चुनाव, देश की आवश्यकता है। साल के 12 महीने चुनाव होते रहते हैं। हर प्रदेश के मुख्यमंत्री व मंत्री चुनाव प्रचार करते हैं, इससे विकास कार्य थम जाते हैं। हर महीने आचार संहिता लगने से जनकल्याणकारी योजनाएं भी प्रभावित होती हैं।

# न इधर के रहे, न उधर के: दिल्ली के कैंपों में पाक से आए हिंदुओं के भारत में रहने पर असमंजस

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव जहां रिश्तों में तनाव बढ़ा दिया है। वहीं पाकिस्तान से शरण की आस में भारत आए हिन्दुओं के लिए भी मुसीबत पैदा कर दी है। सरकार द्वारा पाकिस्तानियों को भारत छोड़ने के आदेश से उनके लिए अब 'न इधर के रहे, न उधर के' जैसी स्थिति बन गई है।

पाकिस्तानी हिंदू सतराम कुमार अपने नौ सदस्यीय परिवार के साथ पाकिस्तान के सिंध प्रांत के हैदराबाद से करीब 20 दिन पहले दिल्ली आए थे। यह परिवार पिछले तीन साल से भारत आने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पिछले महीने 45 दिन का विजिटर वीजा मिलने के बाद ही यह संभव हो सका। हालांकि, उनक परिवार भारत में बसने के इरादे से आया था, लेकिन अब उनके सामने असमंजस की स्थिति बन गई है।

22 अप्रैल को दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए एक बड़े आतंकवादी हमले के बाद केंद्र सरकार ने गुरुवार को पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सभी प्रकार के वीजा रद्द करने की घोषणा करते हुए उन्हें 48 घंटे में देश छोड़ने का आदेश दिया था।

इस बीच, विदेश मंत्रालय ने बाद में साफ किया था कि हिंदू पाकिस्तानी नागरिकों को पहले से जारी लॉन्ग टर्म वीजा वैध रहेंगे। हालांकि, सतराम जैसे कई पाकिस्तानी हिंदू जो दिल्ली के मजनूं का टीला और सिग्नेचर ब्रिज इलाकों में चले गए हैं, वे अपनी स्थिति और भारत में रहने की प्रक्रियाओं के बारे में असमंजस में हैं।

सतराम कुमार ने कहा कि हमारे पड़ोसी और रिश्तेदार सालों से यहां आकर बस हुए



हैं। हम पाकिस्तान में असुरक्षित महसूस करते थे और अपने परिवार के साथ यहां आने और वीजा का खर्च उठाने के लिए पैसे बचाते थे। अब, हमें नहीं पता कि हम यहां रह पाएंगे या हमें देश छोड़ने के लिए कहा जाएगा। मेरी पत्नी, बहुएं और बच्चे यहां आ गए हैं और डरे हुए हैं।

दिल्ली में सिग्नेचर ब्रिज के पास एक अस्थायी कैंप में रह रहे इस परिवार के पास सिर पर छत के नाम पर फिलहाल बांस के खंभों के ऊपर एक कालीन पड़ी है। सतराम कहते हैं कि उनका परिवार यहां खुश और सुरक्षित है, भले ही उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वे कैसे अपना गुजारा और परिवार का भरण-पोषण कैसे करेंगे और इस नए देश में अपनी पहचान कैसे साबित करेंगे।

बता दें कि, पिछले कुछ महीनों में पड़ोसी देश से दिल्ली आए ऐसे कई परिवारों को अभी तक नागरिकता या कोई पहचान प्रमाण नहीं मिला है। अनुमान के मुताबिक, मजनूं का टीला के पास करीब 900 लोग और सिग्नेचर ब्रिज के पास 600-700 लोग रहते हैं, लेकिन अभी तक सिर्फ 300 लोगों को ही नागरिकता प्रमाण पत्र मिले हैं।

एक पाकिस्तानी हिंदू दयाल दास जिन्होंने 2019 में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) की घोषणा के बाद अपनी पोती का नाम 'नागरिकता' रखा था। उन्होंने कहा, पिछले 15 सालों से लोग यहां आकर बस रहे हैं। हर दूसरे महीने एक परिवार यहां आकर बस जाता है। हम कई ऐसे परिवारों को जानते हैं, जिनका वीजा अभी-अभी मंजूर हुआ है, लेकिन नए प्रतिबंधों के कारण वे अब यात्रा नहीं कर पाएंगे। दयाल दास ने बताया कि स्थानीय पुलिस ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि इन कैंपों में रह रहे परिवार सुरक्षित हैं तथा उन्होंने इन कैंपों में रह रहे लोगों और परिवारों की संख्या का डिटेल शनिवार तक सौंपने को कहा है।

इस बीच, करीब नौ महीने पहले पाकिस्तान से भारत आया 15 लोगों का एक और परिवार जो हरियाणा के हिसार के बालसमंद गांव में शिफ्ट हो गया था, उन्हें बिना वैध वीजा के रहने के कारण रातों-रात मजनू का टीला कैंप में वापस भेज दिया गया। बालसमंद पुलिस चौकी प्रभारी शेष करण ने पुष्टि की कि हरियाणा पुलिस सुरक्षा कारणों से पाकिस्तानी हिंदू परिवार को दिल्ली ले गई थी। पाकिस्तानी हिंदू सोभो अपने परिवार के 14 लोगों के साथ जुलाई 2024 में भारत आए थे। तब से उनका वीजा एक बार रिन्यू किया गया था और उनके खत्म हो चुके पासपोर्ट भी इस साल जनवरी में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास द्वारा फिर से जारी किए गए थे।

सोभो के सबसे बड़े बेटे कुंवर ने कहा कि पाकिस्तान से आने के कारण लोगों को हम पर भरोसा करने में समय लगता है।

## अपने सिर बचा लो,प्रलय मंडरा रहा है;दिल्ली के मंत्री की पाकिस्तान को खुली चेतावनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले के बाद से पूरा भारत देश उबल रहा है। मांग है तो सिर्फ आतंकियों की मौत और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब। इसी सिलसिले में दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिरसा ने पड़ोसी मुल्क को सीधे चेतावनी देते हुए कहा कि अपने सिर बचा लो क्योंकि प्रलय तुम्हारे ऊपर घूम रही है। सिरसा का जवाब उस वीडियो के बाद आया है,जिसमें लंदन में पाकिस्तान के उच्चायोग की छत से पाकिस्तान सेना और वायु सलाहकार कर्नल तैमूर राहत ने कथित तौर पर भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्थमान का पोस्टर पकड़े हुए गला रेतने का इशारा किया था। सिरसा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पाकिस्तान और क्या कर सकता है? मैं पाकिस्तान के उन लोगों से कहना चाहता हूं जिनकी मानसिकता इतनी गिरी हुई है कि पहले अपनी गर्दन बचाओ। तुम्हारे सिर पर प्रलय मंडरा रहा है। फिर भी तुम निर्दोष लोगों का सिर काटने की धमकी दे रहे हो। दूतावास के बाहर जो लोग धमकी दे रहे थे,उन्हें एक-एक करके पहचाना जाएगा।

इंग्लैंड में भी उनसे जवाबदेही ली जाएगी। सावधान रहो। सिरसा ने आगे कहा कि इन लोगों में भारतीय सेना की आंखों में आंखें डालकर देखने की हिम्मत भी नहीं है। ये पाकिस्तान के गंदे लोग हैं,जो लोगों का सिर काटने वालों के नाम पर मिठाई बांट रहे हैं। ये पाकिस्तान दूतावास (दिल्ली में) के अंदर केक ले जा रहे हैं। हमें ऐसे लोगों को कुछ कहने की जरूरत नहीं है, हमारी सेना उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। सिंधु जल संधि के निलंबन के बाद,पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने कथित तौर पर कहा,सिंधु हमारा है और सिंधु हमारा ही रहेगा। या तो इस नदी से हमारा पानी बहेगा, या उनका (भारतीयों) खून बहेगा।इसपर दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि तो उसी में डूब जाओ...उनमें खून बहाने की हिम्मत नहीं है। वे पानी के लिए रो रहे हैं और खून बहाने की बात करते हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए।

## प्रदूषण को लेकर सबसे बड़ा फ्रॉड करने जा रही भाजपा; बच्चों के स्वास्थ्य के खिलाफ बड़ी साजिश, आप का दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली की भाजपा सरकार पर बहुत बड़े फ्रॉड का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है प्रदूषण को लेकर ये सबसे बड़ा फ्रॉड है जिसे भाजपा करने जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय भाजपा ने कहा था कि अगर उनकी सरकार बनी तो दिल्ली मं प्रदूषण कम हो जाएगा। अब इसे ही लेकर भाजपा फ्रॉड कर रही है। उन्होंने दावा किया है कि भाजपा ने प्रदूषण के आंकड़े को कम दिखाने के लिए दिल्ली जंगल और हरे-भरे इलाकों में 6 एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्मटम लगा दिए हैं। सौरभ भारद्वाज ने ये भी दावा किया है कि जहां प्रदूषण के आंकड़े ज़्यादा आ रहे हैं, वहां के मॉनिटरिंग सिस्टम को ख़राब कर दिया जाएगा। प्रदूषण के आंकड़े कम हो जायेंगे और डंका पीटा जाएगा कि प्रदूषण कम हो गया। उन्होंने इसे बच्चों के स्वास्थ्य



के खिलाफ बड़ी साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा, ये दिल्ली वालों के बच्चों के स्वाथ्य के खिलाफ आपराधिक साजिश है। ये कोई छोटा मामला नहीं है बल्कि आपराधिक मामला है। आपको पता है कि प्रदूषण बढ़ा होगा लेकिन आप लोगों को बेवकूफ बनाएंगे कि प्रदूषण कम हो गया। अगर वह लोग प्रदूषण से बचने के लिए कोई सावधानी बरतना चाहेंगे, तो भी नहीं बरतेंगे क्योंकि उन्हें लगेगा कि प्रदूषण तो कम हो गया।

## दिल्ली सरकार ने भी लागू किया केंद्र का आदेश, पाकिस्तानियों को तुरंत भारत छोड़ने का निर्देश



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने भी पाकिस्तानी नागरिकों के प्रति सख्त रुख दिखाया है। दिल्ली सरकार ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को तुरंत भारत छोड़ने का निर्देश देने वाले केंद्र सरकार के आदेश को लागू कर दिया है। पहलगाम के इस हमले में 26 निर्दोष लोग मारे गए थे। दिल्ली सरकार ने कहा कि वह केंद्र के आदेश को लागू कर रही है, जिसके तहत मेडिकल, राजनयिक और लॉन्ग टर्म वीजा को छोड़कर पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सभी मौजूदा वीजा तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिए गए हैं।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर लिखा कि दिल्ली सरकार इन आदेशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कर रही है। हर उल्लंघन पर पूरी ईमानदारी से नजर रखी जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली सरकार के गृह विभाग ने शुक्रवार को एक प्रेस रिलीज में कहा, मेडिकल वीजा, लॉन्ग टर्म वीजा, डिप्लोमेटिक और ऑफिशियल वीजा को छोड़कर भारत सरकार द्वारा पाक नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल, 2025 से तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिए गए हैं। बयान में कहा गया है कि मौजूदा मेडिकल वीजा भी 29 अप्रैल के बाद अमान्य हो जाएंगे और कोई नया वीजा जारी नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद जवाबी कार्रवाई के तहत पाकिस्तान सरकार के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए हैं। इनमें सिंधु जल संधि को सस्पेंड करना और अटारी बॉर्डर पर इंटिग्रेटेड चेक पोस्ट को बंद करना शामिल है। भारत सरकार ने सार्क वीजा छूट योजना (एसवीईएस) के तहत दिए जाने वाले सभी वीजा रद्द कर दिए हैं। भारत ने पाकिस्तानी हाई कमिशन में डिफेंस/मिलिट्री, नेवल और एयर एडवाइजर्स को अवांछित व्यक्ति घोषित करते हुए उन्हें एक सप्ताह में भारत छोड़ने का आदेश दिया है।

## फिलीस्तीन ने पहलगाम हमले को बताया जघन्य अपराध, कहा- हम भारत के साथ

**गाजा , एजेंसी।** पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद फिलीस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए गहरा दुख व्यक्त किया है। इस हमले में कई निर्दोष नागरिकों की जान गई थी। अब्बास ने भारत की सुरक्षा और स्थिरता के प्रति फिलीस्तीन के समर्थन को भी दोहराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित पत्र में अब्बास ने लिखा, जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में हुए आपराधिक गोलीबारी की घटना में दर्जनों निर्दोष नागरिक पर्यटकों की मौत और घायल होने की खबर से हमें गहरा दुख हुआ है।

उन्होंने आगे कहा, हम इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं और भारत के साथ उसकी सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने में पूर्ण समर्थन व्यक्त करते हैं। हम आपके सम्माननीय व्यक्तित्व, भारत की मित्रवत जनता और पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। अब्बास ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए भारत और उसके लोगों के निरंतर विकास और समृद्धि की भी



प्रार्थना की। पत्र में लिखा गया, हम दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए, घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए और भारत व उसके नागरिकों की समृद्धि व कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। कृपया हमारी गहरी सहानुभूति स्वीकार करें।

पाहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने कई कूटनीतिक कदम उठाए हैं। इसमें अटारी एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) को बंद करना, पाकिस्तानियों के लिए सार्क वीज़ा छूट योजना (स्क्र्क्ष्वस्र) को निलंबित करना, पाकिस्तानी नागरिकों को 40 घंटे में देश छोड़ने का आदेश देना और दोनों देशों के उच्चायोगों में कर्मचारियों की संख्या घटाना शामिल है। 22 अप्रैल को बाईसारन घास के मैदान में आतंकियों ने पर्यटकों पर हमला कर दिया था, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे।

इसके अलावा भारत ने 1960 में हुई सिंधु जल संधि को भी निलंबित कर दिया है। यह संधि भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई थी और इसे दुनिया की सबसे सफल अंतरराष्ट्रीय संधियों में से एक माना जाता है। संधि के तहत पश्चिमी नदियाँ (सिंधु, झेलम, चेनाब) पाकिस्तान को और पूर्वी नदियाँ (रावी, ब्यास, सतलुज) भारत को आवंटित की गई थीं, जिसमें कुछ सीमित उपयोग की अनुमति एक-दूसरे के हिस्से की नदियों पर भी दी गई थी।

## पाकिस्तान आतंक की फैक्ट्री, ब्रिटेन में भारतीय समुदाय का विरोध प्रदर्शन; पहलगाम हमले की निंदा की

**लंदन।** भारतीय समुदाय के सदस्यों ने शुक्रवार को लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की। भारतीय झंडे, बैनर और तख्तियां थामे भारतीय समुदाय के सदस्यों ने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की।

लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाए और ऐसे हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकवादी समूहों को कथित रूप से समर्थन और आश्रय देने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की।

उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और बैनर पकड़े हुए थे, जिन पर लिखा था, मैं हिंदू हूं।

एएनआई से बात करते हुए, भारतीय समुदाय के एक सदस्य ने कहा कि हम भारतीय पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। उन्होंने (पाकिस्तान ने) आतंक



की फैक्ट्री को बढ़ावा दिया है और इसी वजह से पहलगाम में हमारे 26 लोग मारे गए। हम इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए एकत्र हुए हैं। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा कि पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले के कारण ब्रिटेन में रहने वाला भारतीय समुदाय आक्रोशित है। एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा हम यहां पाकिस्तान दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हम अपनी एकजुटता और सम्मान व्यक्त करने के लिए यहां एकत्र हुए हैं।

# सिंधु जल समझौता रोकने पर भारत को बिलावल की धमकी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच में संबंध लगातार तनाव में बने हुए हैं। इसी बीच दोनों तरफ से बयानबाजी शुरू हो गई है। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पीपीपी के प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने सिंधु जल संधि को लेकर भारत को गीदड़ भभकी दी है। भुट्टो का कहना है कि सिंधु नदी पाकिस्तान की है और अगर भारत ने उसका पानी रोकने की कोशिश की तो भारत को इसका अंजाम भुगतना होगा।

एक रैली में पाकिस्तान के लोगों को संबोधित करते हुए पीपीपी प्रमुख ने कहा, मैं सिंधु दरिया के पास खड़े होकर यह साफ कर देना चाहता हूं कि सिंधु नदी हमारी थी, हमारी है और हमारी ही रहेगी.. या तो इस नदी का पानी बहेगा या फिर उनका खून, जो हमारी नदी को हमसे छीनना चाहते हैं।

बिलावल भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच में समझौता हुआ था। इस समझौते में भारत कह चुका है कि सिंधु नदी पाकिस्तान की है। आज मोदी कहते हैं कि हम इस समझौते को नहीं मानते हैं। ऐसा नहीं हो सकता। यह बात कोई नहीं मानेगा। पाकिस्तान की जनता नहीं मानेगी और न ही भारत की जनता हमारे ऊपर होता यह अत्याचार नहीं बर्दाश्त करेगी।

पाक नेता ने भारत के ऊपर आतंकी हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान पर थोपने का आरोप लगाया। भुट्टो ने कहा कि कश्मीर में आतंकी हमला हुआ है। हम सभी ने उसकी निंदा की है। हमने



कहा भी कि पाकिस्तान को खुद आतंकवाद से पीड़ित है लेकिन भारत ने हमारे ऊपर ही इसका आरोप लगा दिया। मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि अगर आपकी जनसंख्या ज्यादा है आप बड़े देश हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप कोई भी फैसला मन मुताबिक ले लेंगे। पाकिस्तान की जनता गैरतमंद है.. बहादुर है वह अपने हकों की रक्षा करना जानती है।

बिलावल भुट्टो ने कहा कि पीएम मोदी जहां भी जाते हैं अपने आप को हजारों साल पुरानी सभ्यता का बताते हैं। मैं आपको बता देना चाहता हूं कि आज जहां हम खड़े हैं वही पर सिंधु घाटी सभ्यता का जन्म हुआ था। हम इस सभ्यता के असली वारिस हैं। हम इस दरिया के असली वारिस हैं। पाकिस्तानी पंजाब में शहबाज शरीफ सरकार के साथ मिलकर सरकार चला रहे भुट्टो ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री शरीफ को यह बता देना चाहता हूं कि राज्य के मसलों में शायद हमारी सोच एक जैसी न हो लेकिन पाकिस्तान के हक के लिए हम उनके फैसले के साथ हैं।

बिलावल ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि भारत की आबादी ज्यादा है, वो यह नहीं तय कर सकते कि पानी किसका है। पाकिस्तान की अवाम बहादुर लोग हैं, हम डटकर मुकाबला करेंगे। सरहदों पर हमारी फौज हर हमले का जवाब देने को तैयार है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष भुट्टो ने कहा कि भारत ने पहलगाम घटना के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया है। अपनी कमजोरियों को छिपाने और अपने लोगों को मूर्ख बनाने के लिए, मोदी ने झूठे आरोप लगाए हैं और सिंधु जल संधि को एकतरफा तरीके से रोक दिया है। भुट्टो ने कहा कि हर पाकिस्तानी सिंधु का पैगाम लेकर दुनिया को बताएगा कि हमारे दरिया पर डाका मंजूर नहीं। दुश्मन की नजरें हमारे पानी पर हैं। बिलावल ने कहा कि वे देश के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को इस बात का भरोसा दिलाना चाहते हैं कि अलग राजनीतिक दल होने के कारण भले ही उनकी राय अलग हो, लेकिन सिंधु जल संधि के मुद्दे पर वे उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

## घुटनों पर आया पाकिस्तान ! रक्षामंत्री आसिफ बोले-जांच में सहयोग को तैयार

**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान ने खुद को पाक साफ बताते हुए अंतरराष्ट्रीय जांच की मांग की है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने कहा है कि उनका देश इस हमले की किसी भी निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय जांच में पूरा सहयोग देगा। न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में आसिफ ने कहा , हम किसी भी अंतर्राष्ट्रीय जांच के लिए तैयार हैं। अगर कोई भी निष्पक्ष जांच एजेंसी चाहे तो पाकिस्तान का पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने भारत के उन आरोपों को खारिज कर दिया जिनमें कहा गया है कि हमले में पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों का हाथ है। आसिफ ने भारत पर आरोप लगाया कि वह इस हमले के बहाने सिंधु जल संधि को निलंबित कर रहा है और इस पूरे घटनाक्रम का घरेलू राजनीति में लाभ उठाना चाहता है। भारत ने बिना किसी जांच और सबूत के पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है, उन्होंने कहा।पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को लेकर चिंता जताई और कहा, हम किसी भी तरह का युद्ध नहीं चाहते। अगर हालात बिगड़े तो यह पूरे क्षेत्र के लिए तबाही ला सकता है।




# नौकरी देने का काम भी करता है एमेजॉन

**दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स वेबसाइट एमेजॉन के बारे में तो सभी जानते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एमेजॉन लोगों को नौकरी देने का काम भी करता है। भारत देश में भी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एमेजॉन की नौकरी अवेलेबल हैं।**

दुनिया की सबसे बड़ी ई-कॉमर्स वेबसाइट एमेजॉन के बारे में तो सभी जानते हैं। यह दुनियाभर में शॉपिंग के लिए सबसे जाना-माना और फेमस ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है। दुनियाभर से कई सारे लोग इस शॉपिंग एप्प से शॉपिंग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एमेजॉन लोगों को नौकरी देने का काम भी करता है। भारत देश में भी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एमेजॉन की नौकरी अवेलेबल हैं। वहीं इनमें से एमेजॉन एक ऐसी भी नौकरी देता है। जिसमें आपको पूरा दिन नौकरी करने की जरूरत नहीं है। आपको सिर्फ दिन के 4-5 घंटे ही काम करना होगा। जिसके बदले में आपको 60-90 हजार रुपए तक की सैलरी उठाने का मौका मिलेगा। तो ऐसे में अगर आप भी नौकरी की तलाश में हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप एमेजॉन में कैसे सिर्फ कुछ घंटे काम कर हजारों रुपए कमा सकते हैं।

## जानिए कैसे कमाएं

आपको बता दें कि इसमें डिलीवरी बॉय की नौकरी कर आप महीने में 60-90 हजार रुपए तक आराम से कमा सकते हैं। इसमें आपको शॉपिंग करने वाले कस्टमर्स के पास उनका पैकेज डिलीवर करना होगा। डिलीवरी बॉय एमेज़ॉन के वेयरहाउस से कस्टमर्स के घर तक पैकेज को सही सलामत डिलीवर करना होता है। वहीं डिलीवरी रेंज 10-15 किमी के बीच होती है। जिसमें बहुत अधिक समय नहीं लगता है। यानी की आप सिर्फ दिन के 4-5 घंटे काम कर 100 से 150 पैकेज डिलीवर कर सकते हैं। वहीं एमेजॉन कंपनी की तरफ से एक डिलीवरी पर 20 रुपए दिए जाते हैं। ऐसे में अगर आप एक दिन में 100 पैकेज डिलीवर करते हैं। तो आपकी एक दिन की कमाई 2000 रुपए होगी। इस तरह से आप महीने में 60,000 रुपए कमा सकते हैं। वहीं एक दिन में 150 पैकेज डिलीवर करने पर आप दिन में 3,000 तो वहीं महीने में 90,000 रुपए तक कमा सकते हैं।

## जानिए कैसे करें अप्लाई

- डिलीवरी बॉय की नौकरी के लिए सबसे पहले आप इसके ऑफिशियल वेबसाइट पर क्लिक कर जॉब के लिए अप्लाई करें।
- फिर अपनी डिग्री, मार्कशीट, खुद की गाड़ी का प्रूफ, ड्राइविंग लाइसेंस और आरसी के पेपर आदि सबमिट करें।
- इसके बाद आपको डिलीवरी के दौरान ध्यान रखने वाली सभी बातों के बारे में बताया जाएगा और ट्रेनिंग दी जाएगी।
- यह प्रोसेस पूरा होने के बाद आप नौकरी करना शुरूकर सकते हैं।
- हालांकि डिलीवरी के दौरान होने वाला पेट्रोल-डीजल का खर्चा आपको खुद ही उठाना पड़ता है।



# कैसे बनाएं फिल्म इंडस्ट्री में अपना करियर?

**फिल्म में करियर बनाने का सपना कई लोगों का होता है। अगर आप भी फिल्म इंडस्ट्री में अपना करियर बनाना चाहती हैं तो इसके लिए जरूरी है कि आपको कुछ जानकारी जरूर होनी चाहिए।**

कई लोगों का फिल्म देखना पसंद होता है तो वहीं कुछ लोग यह चाहते हैं कि वह भी फिल्म इंडस्ट्री में अपना करियर बना पाएं। आप आसानी से इस ग्लैमर्स इंडस्ट्री में अपना करियर बना सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले आपको यह डिसाइड करना चाहिए कि आप फिल्म इंडस्ट्री में किस फील्ड में अपना करियर बनाना चाहते हैं। इसके बाद आप धीरे-धीरे उस फील्ड में काम को सीख कर अपना करियर बना सकती हैं।

## इन कोर्स में करें अप्लाई

- एक्टिंग कोर्स
- फिल्म निर्देशक कोर्स
- फिल्म प्रोडक्शन कोर्स
- सॉउंड रिकॉर्डिंग एंड इंजीनियरिंग
- वीडियो प्रोडक्शन
- विज़ुअल कम्युनिकेशन
- सिनेमेटोग्राफी
- लाइटनिंग एंड कैमरा
- वॉइस ओवर आर्टिस्ट

## कला निर्देशन/सेट डिजाइनिंग

आप जिस भी फील्ड में कोर्स करती हैं उसमें आपको के विषय बारे में बेहतर तरह से बताया जाता है और आप कोर्स करने के बाद किसी टीवी शो या फिर फिल्म में इंटर्नशिप कर सकती हैं। फिल्म इंडस्ट्री में हर कोर्स की फीस अलग-अलग होती है। आपको बता दें कि यह फीस लगभग 80,000 रुपये से लेकर 1, 50,000 रुपये प्रतिवर्ष तक होती है। इन पाठ्यक्रमों की समय अवधि 6 माह से दो वर्ष तक की होती है।

## किस कॉलेज से करें पढ़ाई?

अगर आप इन कोर्स को करना चाहते हैं तो आप इन कॉलेज में अप्लाई कर सकती हैं।

- फिल्म इंस्टीट्यूट, पुणे
- नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली
- सत्यजीत रे फिल्म इंस्टीट्यूट, कोलकाता
- दिल्ली फिल्म इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली
- एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन, नोएडा
- सुभाष घई की व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल
- अनुपम खेर की एक्टर प्रिपेयर्स इंस्टीट्यूट

इनके अलावा भी तमाम तरह के कोर्स फिल्म इंडस्ट्री में करियर बनाने के लिए संचालित किए जाते हैं। आपको जिस भी सेक्टर में रुचि हो उसमें एडमिशन ले सकती हैं। अगर इंटर्नशिप के दौरान आपने अच्छा परफॉर्म करती हैं तो आपको इस दौरान जॉब ऑफर हो सकती है।

## अगर एक्टिंग में है इंटरेस्ट

अगर आप फिल्मों में अभिनय करना चाहती हैं तो आपको एक्टिंग कोर्स पूरा करना होगा। इस कोर्स को अगर आप किसी अच्छे कॉलेज से करती हैं तो वह आपके लिए ज्यादा बेहतर होगा क्योंकि वहां पर आप प्रैक्टिकली चीजों को समझ पाएंगी और अच्छे कॉलेज या फिल्म इंस्टीट्यूट में आपको फिल्में या शो भी ऑफर किए जाते हैं। जिसमें आप काम कर सकती हैं और अपनी एक्टिंग की स्किल्स को बेहतर बना सकती हैं। इस फील्ड में आपके पास जितना ज्यादा एक्सपीरियंस होगा आपका करियर उतना बेहतर होने की संभावना होती है।





# गेमिंग इंडस्ट्री में नौकरी के मिलेंगे बेहतरीन अवसर

**समय के साथ ही कोर्सेज और नौकरी के अवसरों में काफी बदलाव आ चुका है। ऐसे में आप गेमिंग इंडस्ट्री में भी अपना शानदार कॅरियर बना सकते हैं। ऐसे में आप 12वीं के बाद एनीमेशन, गेम राइटर, गेम डिजाइनिंग या गेम डेवलपर कोर्स कर सकते हैं।**

आजकल के युवा अपने कॅरियर को लेकर काफी परेशान रहते हैं। लेकिन बता दें कि इंजीनियरिंग और मेडिकल के अलावा भी कई ऐसे कोर्सेज हैं, जिनको करने के बाद आप अपने कॅरियर को नई उड़ान दे सकते हैं। साथ ही इन कोर्स को करने में कम पैसा खर्चा होता है। साथ ही इन कोर्स को करने के बाद आप जॉब के अलावा अपना खुद का बिजनेस भी शुरूकर सकते हैं। आपको बता दें कि समय के साथ ही कोर्सेज और नौकरी के अवसरों में काफी बदलाव आ चुका है। ऐसे में आप गेमिंग इंडस्ट्री में भी अपना शानदार कॅरियर बना सकते हैं। आज के दौर में न सिर्फ बच्चे बल्कि बड़े लोगों के बीच भी गेम खेलने का शौक देखने को मिलता है। इस दौर में हर कोई ऑनलाइन गेम खेलना पसंद करता है। जिसके कारण यह फील्ड अरबों डॉलर का हो गया है। ऐसे में अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जो रोजाना कई घंटे गेम खेलते हुए अपना समय कंप्यूटर या मोबाइल पर बिताते हैं। ऐसे में आप भी इस फील्ड में कॅरियर बनाकर अच्छी सैलरी उठा सकते हैं। आपको बता दें कि आप 12वीं के बाद एनीमेशन, गेम राइटर, गेम डिजाइनिंग या गेम डेवलपर कोर्स कर सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस फील्ड में जाना चाहते हैं। तो आप किसी भी यूनिवर्सिटी या संस्थान से गेमिंग में डिप्लोमा, सर्टिफिकेट और स्नातक की डिग्री का कोर्स कर सकते हैं।

## यहां हैं जॉब ऑप्शन

हांलाकि अब गेमिंग इंडस्ट्री में कॅरियर बनाना काफी आसान हो गया है। ऐसे में आप भी ऊपर बताए गए कोर्स को करने के बाद इस फील्ड में अपना भविष्य बना सकते हैं। इस फील्ड में आप गेम डिजाइनर, एनिमेटर, ऑडियो प्रोग्रामर, ग्राफिक प्रोग्रामर, गेम प्रोड्यूसर, स्पोर्टस प्रोफेशनल्स, मैनेजर्स, कास्टर्स, स्ट्रीमर्स, इंफ्यूएंसस बन सकते हैं। इसके अलावा आजकल मॉल्स आदि में भी गेम जोन बने होते हैं। जिनसे अच्छी खासी कमाई की जा सकती है।

## कोर्स

- बीए (ऑनर्स) कंप्यूटर गेम्स डिजाइन
- बीएससी इन एनीमेशन एवं गेमिंग
- यूआइ/यूएक्स डिजाइनिंग
- बीएससी इन गेमिंग
- बीएससी इन एनिमेशन गेम डिज़ाइन





# इंटरव्यू में बार-बार मिल रही असफलता तो अपनाएं ये टिप्स

**किसी भी जॉब इंटरव्यू के लिए कम्युनिकेशन स्किल का अच्छा होना जरूरी होता है। क्योंकि इंटरव्यू के दौरान आपकी स्थिति को बढ़ाने व बिगाड़ने की क्षमता कम्यूनिकेशन के पास होती है। ऐसे में इन टिप्स को फॉलो कर कम्यूनिकेशन स्किल को मजबूत और बेहतर कर सकते हैं।**

अक्सर देखा जाता है कि इंटरव्यू के दौरान कैंडिडेट थोड़ा नर्वस रहते हैं। इसका मुख्य कारण कांफिडेंस की कमी का होना माना जाता है। ऐसे में अगर आप कॉन्फिडेंट होते हैं, तो आप किसी भी इंटरव्यू को आसानी से पार कर सकते हैं। ऐसे में अब आप सोच रहे होंगे कि कांफिडेंस कैसे बढ़ता है, तो बता कि कम्युनिकेशन स्किल में कमी होने पर कांफिडेंस कम होता है। क्योंकि अगर किसी उम्मीदवार की कम्युनिकेशन स्किल कमजोर होती है, तो वह डरा-सहमा महसूस करता है। फिर चाहे वह कितना भी जानकार क्यों न हो।

## कैसे बढ़ाएं कम्यूनिकेशन स्किल

किसी भी जॉब इंटरव्यू के लिए कम्युनिकेशन स्किल का अच्छा होना काफी जरूरी होता है। क्योंकि इंटरव्यू के दौरान आपकी स्थिति को बढ़ाने व बिगाड़ने की क्षमता कम्यूनिकेशन के पास होती है। ऐसे में आप इन टिप्स को फॉलो कर अपनी कम्यूनिकेशन स्किल को मजबूत और बेहतर कर सकते हैं।

## ठीक से सुने प्रश्न

इंटरव्यू के दौरान पूछे गए प्रश्नों को ध्यान से सुनकर तभी उत्तर देना चाहिए। क्योंकि जब आप अच्छे से सवाल को समझेंगे तो उसका उचित उत्तर दे सकेंगे। वहीं आपका यह तरीका इंटरव्यू लेने वाले व्यक्ति पर आपकी अलग छाप छोड़ता है।

## स्पष्ट और सरल भाषा में दे जवाब

इंटरव्यू के दौराम आपको आसानी से समझ आने वाली भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए। इस दौरान आप सरल और स्पष्ट तरीके से अपनी बात रखें। सरल भाषा के इस्तेमाल से आप शब्दजाल में नहीं फसेंगे। साथ ही कम शब्दों से सही से जवाब दें। क्योंकि अगर आप बहुत लंबा उत्तर देते हैं, तो यह सामने वाले व्यक्ति को विचलित कर सकता है।

## पॉजिटिव बॉडी लैंग्वेज

इंटरव्यू के दौरान आपकी बॉडी लैंग्वेज का पॉजिटिव होना बहुत जरूरी है। आई कॉन्टैक्ट और हाथों के इशारों का इस्तेमाल करें। इससे इंटरव्यू लेने वाले व्यक्ति को लगेगा कि आपके अंदर कांफिडेंस है। इस दौरान आपको पेशेवर और औपचारिक लहजा अपनाना चाहिए। भले ही फिर आप कितने ही चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना क्यों न कर रहे हों।

## लचीलापन

इस दौरान अपने कम्यूनिकेशन में लचीलापन जरूर रखें। इससे सामने वाले पर आपका अच्छा इम्पैक्ट पड़ेगा। क्योंकि कुछ लोग औपचारिक तरीके से तो कुछ लोग अन्य अनौपचारिक तरीके से बातचीत करना पसंद करते हैं।

## मजेदार तरीके से दें जवाब

किसी भी प्रश्न के जवाब में आप उदाहरण के तौर पर सिचुएशन, टास्क, एक्शन, रिजल्ट मेथेड का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपका जवाब थोड़ा इंट्रेस्टिंग बन सकता है।

# सऊदी अरब भारत में दो रिफाइनरी बनाने पर सहमत हुआ

● अरामको को 26 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 18,000 करोड़ रुपये खर्च करने होंगे ● सऊदी कच्चे तेल की आपूर्ति पर भारतीय कंपनियों की शर्तें हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सऊदी अरब भारत में दो रिफाइनरी बनाने के लिए भारतीय कंपनियों के साथ मिलकर काम करेगा। यह कदम वह भारत के रिफाइनिंग सेक्टर में अपनी जगह बनाने के लिए उठा रहा है। पहले सऊदी अरब को इस क्षेत्र में दो बार असफलता मिली थी। अब सऊदी अरब अपने तेल के भविष्य को सुरक्षित करना चाहता है। सूत्रों के अनुसार, प्रत्येक रिफाइनरी की क्षमता लगभग 90 लाख टन सालाना होगी। इसमें 26 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी के लिए अरामको को लगभग 18,000 करोड़ रुपये खर्च करने पड़ सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की जेद्दा में हुई मुलाकात के बाद दोनों देशों ने भारत में दो रिफाइनरी स्थापित करने पर सहमति जताई है। सऊदी अरब का भारत में दो रिफाइनरी बनाने के लिए भारतीय कंपनियों के साथ मिलकर काम करने का निर्णय महत्वपूर्ण है जिसके कई निहितार्थ हैं। खासकर पाकिस्तान के संदर्भ में। यह सौदा न केवल भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा बल्कि भू-राजनीतिक रूप से भी उसकी ताकत बढ़ाएगा। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव बढ़ गया है। खास बात यह है कि तमाम देशों के साथ सऊदी अरब ने भी इस आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। ईटी ने अक्टूबर में यह खबर दी थी कि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन और ऑयल एंड नैचुरल गैस



कॉर्पोरेशन अपनी अलग-अलग रिफाइनरी परियोजनाओं में सऊदी अरामको को भागीदार बनाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। अरामको दोनों रिफाइनरी परियोजनाओं में 26 प्रतिशत तक हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत कर रही है।

बीपीसीएल आंध्र प्रदेश में अपनी रिफाइनरी-कम-पेट्रोकेमिकल फैक्ट्री के लिए एक रिपोर्ट तैयार कर रही है। इस फैक्ट्री की क्षमता 9-12 मिलियन टन सालाना हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, 9 एमटीपीए क्षमता वाली सुविधा की लागत लगभग 95,000 करोड़ रुपये हो सकती है। इसमें कर्ज और इक्विटी का अनुपात 65:35 होने की संभावना है। बीपीसीएल और उसकी सहयोगी को इक्विटी में 33,000 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा। परियोजना में 26 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी के लिए अरामको को लगभग 9,000 करोड़ रुपये खर्च करने पड़ सकते हैं। ओएनजीसी के साथ इसी तरह का सौदा होने पर अरामको को लगभग 18,000 करोड़ रुपये का निवेश करना पड़ सकता है। अरामको ने इक्विटी हिस्सेदारी के बदले यह शर्त रखी है कि प्रस्तावित रिफाइनरी अपने पूरे जीवनकाल में ज्यादातर कच्चे तेल की सप्लाई अरामको से ही लेगी।

### भारतीय कंपनियों ने रखी है शर्त

सूत्रों के अनुसार, भारतीय कंपनियां सऊदी कच्चे तेल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा लेने के लिए तभी सहमत हो सकती हैं जब अरामको कीमत में छूट, माल ढुलाई में छूट या 90 दिनों की क्रेडिट अवधि जैसी रियायतें दे। ओएनजीसी के साथ अरामको की बातचीत अभी शुरुआती दौर में है। सूत्रों के अनुसार, ओएनजीसी परियोजना में 20–49 प्रतिशत हिस्सेदारी देने को तैयार है। लेकिन, अरामको अपनी हिस्सेदारी को 26 प्रतिशत या उससे कम तक सीमित रखना चाहती है। अभी तक स्थान, रिफाइनरी का ढांचा और निर्माण लागत तय नहीं हुई है। ओएनजीसी उत्तर प्रदेश में 9 एमटीपीए या उससे बड़ी रिफाइनरी–सह–पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स बनाने पर विचार कर रही है। उत्तर प्रदेश में रिफाइनरियों की सप्लाई की तुलना में ईंधन की खपत बहुत अधिक है। ओएनजीसी प्रयागराज के पास जमीन का एक टुकड़ा देख रही है जिसे बीपीसीएल ने एक दशक पहले एक रिफाइनरी परियोजना के लिए खरीदा था। लेकिन, उसे कभी विकसित नहीं किया। सूत्रों ने बताया कि ओएलजीसी की रिफाइनरी गुजरात में नहीं बनने की संभावना है, क्योंकि राज्य में पहले से ही भारत की एक तिहाई रिफाइनिंग क्षमता मौजूद है। 2018 में, सऊदी अरामको ने सरकारी रिफाइनरियों के एक समूह– इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल– के साथ महाराष्ट्र में 60 मिलियन टन प्रति वर्ष की रिफाइनरी–सह–पेट्रोकेमिकल परियोजना में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए एक समझौता किया था। हालांकि, जमीन अधिग्रहण में कठिनाइयों के कारण यह परियोजना आगे नहीं बढ़ पाई। 2019 में, अरामको ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के तेल–से–रसायन व्यवसाय में 15 अरब डॉलर में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने पर सहमति जताई। लेकिन, मूल्यांकन में असहमति के कारण दो साल बाद यह सौदा रद्द कर दिया गया।

# 3600 के पार जाएगा एनर्जी शेयर

## एक्सपर्ट बोले- खरीदो, ट्रंप के नए टैरिफ का असर!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वारी एनर्जीज के शेयर निवेशकों की नजर में बने हुए है। वारी एनर्जीज के शेयरों में शुरुआती कारोबार में 8.8 प्रतिशत की भारी गिरावट आई और बीएसई पर यह 2,590.20 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गया था। शेयरों में इस गिरावट के पीछे लॉक-इन अवधि का खत्म होना है। शेयरधारक लॉक-इन अवधि समाप्त होने के बाद लगभग 15 करोड़ शेयर कारोबार के लिए एलिजिबल गए थे।

### क्या है डिटेल



नुवामा अल्टरनेटिव एंड क्वांटिटेटिव रिसर्च के अनुसार, ये 15 करोड़ शेयर कंपनी की बकाया इक्विटी का 53 प्रतिशत हिस्सा हैं। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि सभी शेयर बेचे जाएंगे। बस इतना है कि अगर शेयरधारक ऐसा करना चाहें तो अब उनका कारोबार किया जा सकता है। बता दें कि इसके बावजूद कंपनी ने चौथी तिमाही में मजबूत आय दर्ज की। मार्च तिमाही में कंपनी का मुनाफा 34.1 प्रतिशत बढ़ गया और रेवेन्यू 36.4 प्रतिशत उछल गया। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने कहा, वारी एनर्जीज ने अपनी अब तक की सबसे मजबूत तिमाही दर्ज की है। अब हम मजबूत संभावनाओं और मार्गदर्शन को देखते हुए डीसीएफ-आधारित टारगेट प्राइस को बढ़ाकर 3,622 रुपये कर रहे हैं और बाय रेटिंग दे रहे हैं।

### ट्रंप टैरिफ का भी असर

बता दें कि 3 सप्ताह से भी कम समय में इस शेयर में 70 प्रतिशत से अधिक की उछाल आई है। रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी के शेयर मार्च 2025 तिमाही में शानदार तिमाही नतीजे की घोषणा की। इसके अलावा चार दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से सोलर इक्विपमेंट के आयात पर अमेरिका द्वारा लगाए गए भारी एंटी-डंपिंग शुल्क के बीच शेयर फोकस में रहे। बता दें कि बीते सोमवार को संयुक्त राज्य अमेरिका ने कंबोडिया, वियतनाम, मलेशिया और थाईलैंड से सौर उपकरण आयात पर भारी एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया। ट्रंप ने कंबोडिया को सबसे अधिक 3,521 प्रतिशत शुल्क लगाया, जबकि वियतनाम और थाईलैंड क्रमशः 395.9 प्रतिशत और 375.2 प्रतिशत तक के शुल्क और मलेशिया पर 34.4 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया। इससे कंपनी के शेयरों में बंपर तेजी देखी गई।

### मार्च तिमाही के नतीजे

वारी एनर्जीज ने अपने शुद्ध लाभ में साल–दर–साल 34.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो 618.9 करोड़ रुपये रहा, जबकि मार्च 2025 की तिमाही में इसके राजस्व में 36.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर की इस कंपनी का एबिटा साल–दर–साल 120 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 922.6 करोड़ रुपये हो गया, जबकि तिमाही के लिए एबिटा मार्जिन बढ़कर 23 प्रतिशत हो गया।

# इलेक्ट्रिक क्रांति की रफ्तार तेज

## 44 शहरों में पुरानी गाड़ियों की जगह ईवी से बचेगा 51 अरब लीटर ईंधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के कम-से-कम 10 लाख की आबादी वाले 44 शहरों में पुरानी गाड़ियों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने से 2035 तक 51 अरब लीटर से अधिक पेट्रोल और डीजल की बचत की जा सकेगी। इससे भारत का तेल आयात बिल अनुमानित रूप से 9.17 लाख करोड़ रुपये (106.6 अरब डॉलर) कम हो जाएगा। द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) के नए अध्ययन में कहा गया है कि इन 44 बड़े शहरों में पुराने वाहनों की संख्या 2030 तक बढ़कर 75 लाख पहुंच जाएगी। 2024 में इनकी संख्या 49 लाख थी। बड़े शहरों में वायु प्रदूषण में पुराने वाहनों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है।



**ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में आएगी कमी–** पूर्ण रूप से ईवी अपनाने से 2035 तक हर दिन 11.5 टन पीएम 2.5 उत्सर्जन से बचा जा सकता है। साथ ही, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 6.1 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर कमी आ सकती है। रिपोर्ट के लेखकों ने 2030 और 2035 के बीच 1.14 करोड़ वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने की एक योजना प्रस्तावित की है।

**3.7 लाख रोजगार का होगा सृजन–** टेरी ने अपनी रिपोर्ट में कहा, बड़े शहरों में पुरानी गाड़ियों को ईवी से बदलने या इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों के हाइब्रिड मॉडल को अपनाने से देश के ई-वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में करीब 3.7 लाख नए रोजगार का सृजन हो सकता है।लेखकों ने अपनी रिपोर्ट में कहा, अगर पुराने वाहनों में से आधे को सीएनजी गाड़ियों में परिवर्तित कर दिया जाए तो देश में लगभग 2,655 नए सीएनजी स्टेशन की जरूरत होगी और रोजगार के अनुमानित 45,000 नए अवसर बनेंगे।

# सरकारी नौकरी छोड़कर लिया बड़ा रिस्क, अब 3 करोड़ का कारोबार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** असम के रहने वाले अनूप कुमार सरमा ने नौकरी छोड़कर 3 करोड़ रुपये का मछली पालन का कारोबार खड़ा किया है। उन्होंने हजारों किसानों को सशक्त बनाया है। अनूप ने यह काम तब शुरू किया जब मछली पालन इस क्षेत्र में नया था। विज्ञान के एक जानकार से सफल उद्यमी बनने तक का उनका सफर बेहद प्रेरणादायक है। उन्होंने सीएसआईआर में रिसर्च असिस्टेंट की नौकरी छोड़कर यह मुकाम हासिल किया है। आइए, यहां अनूप कुमार सरमा की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।



**सीएसआईआर से की करियर की शुरुआत**–अनूप कुमार सरमा असम के बिस्वनाथ चरियाली के रहने वाले हैं। उन्होंने 2002 में गुवाहाटी यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन किया। अपने करियर की शुरुआत सीएसआइआर - नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (पहले रीजनल रिसर्च लेबोरेटरी) में रिसर्च असिस्टेंट के तौर पर की। वहां उन्होंने पांच साल काम किया। इसके बाद उन्होंने 15 साल से ज्यादा एक हलह के साथ काम किया। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग राज्यों और विदेशों में भी अनुभव प्राप्त किया।

अपने करियर में आगे बढ़ते हुए अनूप ने महसूस किया कि आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है। इसी सोच के साथ उन्होंने मछली पालन में कदम रखने का फैसला किया।

उन्होंने सिर्फ 10 एकड़ जमीन से शुरुआत की थी। आज उनका कारोबार 100 एकड़ में फैल गया है। इसमें मुख्य रूप से कार्प और कैटफिश, मागुर और कोई जैसी महंगी मछलियों की खेती होती है। मछली पालन के साथ अनूप फिश स्पॉन (मछली के बीज) प्रोडक्शन यूनिट भी चलाते हैं। इससे वह हर साल एक करोड़ से ज्यादा मछली के बीज पैदा करते हैं। उनके स्पॉन भारत के 10 से ज्यादा राज्यों में भेजे जाते हैं। इससे मछली पालन उद्योग को बढ़ने और टिकाऊ बनाने में मदद मिलती है। असम में ज्यादा बारिश और बाढ़ आती है। इसलिए यह राज्य मछली के लिए आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों पर निर्भर था। लेकिन, अनूप की पहल ने इस निर्भरता को खत्म किया है।

# भारतीय ग्राहकों को रिफंड कर रही एलन मस्क की टेस्ला

● कंपनी ने 2016 में ग्राहकों से मॉडल 3 की बुकिंग ली थी ● अब कंपनी इसके पुराने मॉडल को बंद करने जा रही है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की ईवी कंपनी टेस्ला ने भारत में अपनी माडल 3 कार के लिए बुकिंग करने वाले ग्राहकों को रिफंड करना शुरू कर दिया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक कुछ ईमेल मिले हैं जिनसे यह जानकारी मिली है। इससे लग रहा है कि टेस्ला जल्द ही भारत में अपनी कारें बेच सकती है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बा ऑटोमोबाइल बाजार है। टेस्ला लंबे समय से भारत में एंट्री की कोशिश कर रही है। हाल ही में उसने भारत में अपनी टीम बनाई है।

जिन ग्राहकों ने 2016 में माडल 3 बुक की थी, उन्हें कंपनी ने एक ईमेल भेजा है। इसमें कहा गया था हि कंपनी अभी के लिए आपकी बुकिंग की रकम वापस कर रही हैं। ईमेल में आगे लिखा है कि जब हम भारत में अपनी कारें बेचने के लिए तैयार हो जाएंगे, तो आपसे फिर संपर्क करेंगे। हमें उम्मीद है कि जब हम भारत में कारें लॉन्च



करेंगे और आपको देंगे, तो आप फिर से बुकिंग करेंगे। टेस्ला माडल 3 के पुराने मॉडल को बनाना बंद कर रही है, इसलिए कंपनी बुकिंग के पैसे वापस कर रही है।

**टैरिफ कम करने की मांग–** टेस्ला की तरफ से भेजे गए ईमेल से पता चलता है कि कंपनी भारत में कारें बेचना चाहती है। टेस्ला पिछले कई साल से भारत सरकार से कारों पर लगने वाले टैक्स को कम करने की बात कर रही है। कुछ दिन पहले मस्क ने ङ्ग पर कहा था कि वह इस साल भारत आएंगे। भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापार समझौता होने वाला है। इस समझौते में कारों पर लगने वाले टैक्स को कम करने पर भी बात हो सकती है।

अगर भारत सरकार कारों पर टैक्स कम कर देती है, तो टेस्ला भारत में अपनी कारों को बेचने की योजना बदल सकती है। पिछले साल टेस्ला की कारों की बिक्री पहली बार 10 साल में कम हुई है। चीन की कंपनी बीवायडी उसे की टक्कर दे रही है। टेस्ला की भारत में एंट्री से घरेलू ऑटो कंपनियों का नुकसान हो सकता है। टेस्ला जैसी विदेशी कंपनियों के आने से भारत की कंपनियों को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पेगा। सरकार को यह भी देखना होगा कि इससे देश में रोजगार पर क्या असर पेगा।

# कंगाल पाकिस्तान बेच रहा है अपनी एयरलाइन

## लेवार कोई नहीं तो ऑफर्स की झड़ी लगा दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान की सरकारी एविएशन कंपनी है पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस । यह वैसी ही कंपनी है जैसी कुछ साल पहले तक एयर इंडिया सरकारी कंपनी थी। पीआईए, कंपनी को बेचने के लिए पाकिस्तान सरकार पिछले कई साल से प्रयासरत है। लेकिन इस कंपनी को खरीदार नहीं मिल



रहे हैं। इसलिए अब सरकार ने इसे बेचने के लिए नए तरीके निकाले हैं। सरकार अब नए खरीदारों को आकर्षित करने के लिए कुछ खास ऑफर्स दे रही है। हमारे सहयोगी ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान सरकार ने तय किया है कि अब पीआईए को खरीदने वाली कंपनी को इसमें 100 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलेगी। पहले पाकिस्तान सरकार कंपनी में इतनी हिस्सेदारी बेचने को तैयार नहीं थी। इसका मतलब है कि जो भी इसे खरीदेगा, उसे पीआईए का परा कंट्रोल मिल जाएगा। उल्लेखनीय है कि कंपनी के लिए बोली लगाने की आखिरी तारीख 3 जून, 2025 है। नीलामी अक्टूबर और दिसंबर के बीच होने की उम्मीद है।

**दो बार कोशिश हो चुकी है बेचने की–** पाकिस्तान ने हाल के वर्षों में दो बार पीआईए को बेचने की कोशिश की। लेकिन, दोनों बार बात नहीं बनी। पहली बार अक्टूबर 2024 में कोशिश की गई थी। तब सरकार को सिर्फ एक बोली मिली थी, जो लगभग 36 मिलियन की थी। यह बोली सरकार की तय की गई कीमत से बहुत कम थी। सरकार ने पीआईए की कीमत लगभग 305 मिलियन रखी थी। इसलिए सरकार ने उस बोली को नामंजूर कर दिया। बोली लगाने वालों को पीआईए के पुराने कर्ज़ और टैक्स से जुड़ी कुछ दिक्कतें थीं, इसलिए उन्होंने दिलचस्पी नहीं दिखाई।

**दूसरी बार की नाकामी–** दूसरी बार भी सरकार को नाकामी ही मिली। सरकार ने अप्रैल 2025 के आखिरी हफ्ते तक एक नया एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट जारी करने की योजना बनाई थी। सरकार दिसंबर 2025 तक पीआईए को बेचने का काम पूरा करना चाहती थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

**अब ऑफर्स की झड़ी–** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत से हुए एक्शन को देखते हुए पाकिस्तान ने भरतीय एविएशन कंपनियों के लिए अपना एयर स्पेस बंद कर दिया है।

### नए नियम भी बनाए

सरकार ने बोली लगाने वालों के लिए कुछ नए नियम भी बनाए हैं। अब जो एयरलाइंस पहले से चल रही हैं, वे भी पीआईए के लिए बोली लगा सकती हैं। लेकिन उन्हें कुछ खास आर्थिक शर्तों को पूरा करना होगा। जो कंपनियां एयरलाइन के कारोबार में नहीं हैं, उनके लिए भी कुछ नियम हैं। उनके लिए जरूरी है कि उनकी सालाना कमाई कम से कम 200 अरब रुपये हो। इसका सबूत उन्हें दिसंबर 2023 या उसके बाद के ऑडिट किए गए वित्तीय रिकॉर्ड से देना होगा।

# आईपीओ लेकर आ रही केनरा रोबेको एसेट

## केनरा बैंक की है बड़ी हिस्सेदारी, 2.59 करोड़ शेयर बेचने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार के उथल-पुथल के दौर में कई कंपनियां आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की योजना बना रही हैं। इनमें से एक कंपनी-केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट है। कंपनी ने आईपीओ लाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए हैं।

**2.59 करोड़ शेयर बेचेगा केनरा बैंक–** दस्तावेजों के मुताबिक आईपीओ पूरी तरह से प्रवर्तकों द्वारा 4.98 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा जिसमें कोई नया इश्यू नहीं है। ओएफएस के तहत कंपनी के प्रमोटर-केनरा बैंक 2.59 करोड़ और ओरिक्स कॉरपोरेशन यूरोप एन.वी. (पूर्व में रोबेको ग्रुप एनवी) 2.39 करोड़ शेयरों की बिक्री करेंगे। केनरा रोबेको एएमसी में केनरा बैंक की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि शेष हिस्सेदारी ओरिक्स कॉरपोरेशन के पास है। इस आईपीओ के पूरी तरह से ओएफएस आधारित होने से कंपनी को इश्यू से कोई धनराशि प्राप्त नहीं होगी। आईपीओ से मिली राशि शेयर बेचने वाले शेयरधारकों को जाएगी। एसबीआई कैपिटल मार्केट्स, एक्सिस कैपिटल और जेएम फाइनेंशियल को इस इश्यू के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर नियुक्त किया गया है, जबकि एजेडबी एंड पार्टनर्स कंपनी के कानूनी सलाहकार हैं।




**1993 में वजूद में आई कंपनी–** 1993 में वजूद में आई केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी एक ज्वाइंट वेंचर है। इसमें केनरा बैंक और ओरिक्स कॉर्पोरेशन यूरोप एनवी की 51¬49 रेश्यो से हिस्सेदारी है। दिसंबर 2024 तक इस कंपनी ने 12 इक्विटी योजनाओं, 10 ऋण योजनाओं और 3 हाइब्रिड योजनाओं सहित 25 योजनाओं का प्रबंधन किया। इस कंपनी की तिमाही औसत प्रबंधन के तहत परिसंपत्ति 1,08,366 करोड़ रुपये थी। एचडीएफसी एएमसी, निप्पॉन लाइफ इंडिया एएमसी, आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी और यूटीआई एएमसी जैसी सूचीबद्ध संस्थाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाली एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने पिछले वर्षों में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया। दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीने की अवधि के दौरान कंपनी का मुनाफा 149 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 40.3 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में प्रॉफिट 91.1 प्रतिशत बढ़कर 151 करोड़ रुपये हो गया और राजस्व 318 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 55.5 प्रतिशत अधिक है।

# मुंबई यदि लखनऊ से मैच जीतती है तो होगी खिताब की प्रबल दावेदार

**मुंबई, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के सुपर संडे के पहले डबल हेडर मुकाबले में मुंबई इंडियंस (एमआई) का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मुंबई में होगा। दोनों टीमों के बीच हुए मुकाबलों में एलएसजी का पलड़ा आश्चर्यजनक रूप से पांच बार की चैंपियन एमआई पर भारी रहा है और सात मुकाबलों में एलएसजी की टीम छह बार विजेता बनी है। एमआई ने एलएसजी के खिलाफ लीग चरण में कोई मुकाबला नहीं गंवाया है, जबकि वानखेड़े में भी हुए दो मुकाबलों में एलएसजी को ही जीत हासिल हुई है। हालांकि हालिया फॉर्म एमआई के साथ है। शुरुआती पांच मैचों में चार हार के बाद एमआई ने वापसी की है और लगातार चार मुकाबले जीते हैं। वहीं नौ मैचों में पांच जीत और चार हार के साथ एलएसजी के भी एमआई के बराबर 10 अंक हैं, लेकिन पिछले चार मुकाबलों में दो हार के बाद उनका नेट रन रेट गिरा है और वे छठे स्थान पर हैं। आइए डालते हैं इस मैच के कुछ प्रमुख आंकड़ों और मैच-अप्स पर नजर।



## एमआई अगर जीतती है तो खिताब की प्रबल दावेदार

इस सीजन एमआई की निराशाजनक शुरुआत हुई थी और उन्होंने अपने शुरूआती पांच मैचों में चार मैच हारे थे। हालांकि अब लगातार चार मैच जीतकर उन्होंने वापसी की है और अगर लगातार पांचवां मैच जीतकर वे खिताब के प्रबल दावेदार बन सकते हैं। एमआई ने आईपीएल के इतिहास में छह बार लगातार पांच या उससे अधिक मैच जीते हैं और इसमें से चार बार उन्होंने खिताब भी जीता है। तो हुई ना एमआई खिताब की प्रबल दावेदार!

## बुमराह एमआई के मुख्य हथियार

पिछली तीन पारियों को छोड़ दिया जाए तो एलएसजी के निकोलस पूरन इस टूर्नामेंट में बेहतरीन फॉर्म में रहे हैं और लंबे समय तक ऑरेंज कैप की दौड़ में भी सबसे आगे थे। हालांकि कुछ मैचों से गेंदबाजों ने उनका तोड़ निकाला है और वह इस मैच में भी जारी रह सकता है। पूरन, एमआई के स्ट्राइक गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ आईपीएल में सिर्फ 72 के स्ट्राइक रेट और सिर्फ 6.5 की औसत से रन बना पाते हैं, जबकि बुमराह ने उनको पांच पारियों में दो बार आउट किया है। एक अर्धशतक को छोड़ दिया जाए तो एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत ने आईपीएल 2025 में कुछ खास नहीं किया है। उनका यह सिरदर्द इस मैच में भी जारी रह सकता है क्योंकि बुमराह पंत को सात आईपीएल पारियों में आउट कर चुके हैं। आईपीएल में कोई भी गेंदबाज पंत को इतनी बार नहीं आउट कर पाया है। मोहम्मद सिराज चार बार ऐसा करके दूसरे स्थान पर है। पंत, बुमराह पर सिर्फ 7.9 की औसत और 120 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

### रवि बिश्नोई की हो सकती है फॉर्म वापसी

पिछले दो सीजन एलएसजी के प्रमुख गेंदबाज रहे रवि बिश्नोई को इस सीजन अभी तक लय नहीं हासिल हो पाई है और नौ मैचों में चार बार उन्हें बिना किसी विकेट के वापस लौटना पड़ा है।उन्होंने इस साल नौ मैचों में 41.75 की औसत और 10.43 के महंगे इकॉनमी से रन देते हुए सिर्फ आठ विकेट लिए हैं।हालांकि एमआई के खिलाफ उनकी फॉर्म वापसी हो सकती है क्योंकि उनका रिकॉर्ड इस टीम और इस टीम के बल्लेबाजों के खिलाफ बेहतरीन रहा है।बिश्नोई ने एमआई के खिलाफ 11 मैचों में सिर्फ 7.8 की इकॉनमी से रन देते हुए 12 विकेट लिए हैं, जो कि उनका किसी भी आईपीएल टीम के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।उन्होंने फॉर्म में चल रहे एमआई के प्रमुख बल्लेबाजों रोहित और सूर्यकुमार को तीन–तीन बार आउट किया है।हालांकि तिलक वर्मा उन पर 193 जबकि हार्दिक उन पर 223 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं, जबकि इन दोनों को बिश्नोई कभी भी आउट नहीं कर पाए हैं।बिश्नोई अगर इस मैच में तीन विकेट लेते हैं तो उनके एलएसजी के लिए 50 विकेट हो जाएंगे।

### हार्दिक को रोक सकते हैं आवेश

यूं तो एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने इस सीजन बल्ले से अधिक गेंद से अपना योगदान दिया है, लेकिन जब भी उन्हें बल्ले से भी मौका मिला है तो उन्होंने निराश नहीं किया है।हालांकि एलएसजी के आवेश खान ने इस सीजन डेथ ओवरों में अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया है और वह वहां हार्दिक को रोकने की क्षमता रखते हैं।आवेश ने आईपीएल में हार्दिक को तीन बार आउट किया है, जबकि हार्दिक उन पर सिर्फ 10.7 की औसत और 87 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।आवेश ने बेहतरीन फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा को भी आईपीएल में दो–दो बार आउट किया है, जबकि दोनों, हार्दिक की तरह आवेश पर 100 से कम के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।आवेश का ओवरऑल एमआई के खिलाफ भी रिकॉर्ड बहुत अच्छा रहा है और उन्होंने इस टीम के खिलाफ छह पारियों में 16.3 की बेहतरीन औसत और 12 के शानदार स्ट्राइक रेट से 11 विकेट लिए हैं।वानखेड़े की पिच भी आवेश को लुभाती है और उन्होंने इस मैदान पर छह पारियों में सिर्फ 7.7 की इकॉनमी से रन देते हुए नौ विकेट लिए हैं।कुल मिलाकर यह आवेश के लिए एक अहम मैच साबित हो सकता है।

### जारी रह सकता है हार्दिक का बेहतरीन गेंदबाजी फॉर्म

वहीं हार्दिक की गेंदबाजी की बात की जाए तो इस सीजन 12 विकेट लेकर वह पर्पल कैप की सूची में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं, जिसमें एलएसजी के खिलाफ लखनऊ में हुए मैच का पंजा भी शामिल है।वह इस मैच में भी अपनी गेंदबाजी फॉर्म को जारी रख सकते हैं क्योंकि वह एलएसजी के विदेशी बल्लेबाजों डेविड मिलर को सात, एडन मार्करम को दो और निकोलस पूरन को भी दो बार आउट कर चुके हैं, जबकि ये तीनों बल्लेबाज इन पर 130 के स्ट्राइक रेट में रन बनाते हैं।

## एएफआई ने पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में किया बदलाव, अगले महीने होना है विश्व रिले टूर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने चीन के ग्वांगझू में 10 से 11 मई तक होने वाली विश्व रिले के लिए पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर टीम में बदलाव किया है जिसमें पेरिस ओलंपिक में प्रभावित करने में विफल रही टीम से केवल एक धावक ही जगह बना पाया है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा भेजी गई विश्व रिले टीम में संतोष कुमार तमिलारासन को छोड़कर अन्य सदस्य नए हैं। नए सदस्य धर्मवीर चौधरी, रिंस जोसेफ, तुषार कांति, जय कुमार, मोहित कुमार, टी एस मनु और टी के विशाल हैं। दक्षिण कोरिया के गुमी में 27-31 मई तक होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए शुक्रवार को इसी आठ सदस्यीय पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की घोषणा की गई थी। विशाल, जय कुमार, मनु, धरमवीर और जोसेफ कोच्चि में हाल ही में संपन्न फेडरेशन कप में पुरुषों की 400 मीटर फाइनल में इसी क्रम में पहले से पांचवें स्थान पर रहे थे। तुषार, मोहित और तमिलारासन सेमीफाइनल में दौड़े लेकिन फाइनल में पहुंचने में असफल रहे। पेरिस ओलंपिक में मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, राजेश रमेश, मिजो चाको कुरियन और तमिलारासन की भारतीय चार गुणा 400 मीटर रिले टीम हीट चरण से आगे नहीं बढ़ पाई। हालांकि, तमिलारासन उस चौकड़ी का हिस्सा नहीं थे जिसने प्रतिस्पर्धा पेश की थी। भारत ने मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम भी उतारी है जिसमें अमोज जैकब को जगह मिली है। टीम के अन्य सदस्य धर्मवीर चौधरी, टी के विशाल (दोनों पुरुष) और स्नेहा कोलेरी, जिस्ना मैथ्यू, रूपल और सुभा वेंकटेशन हैं। महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर और चार गुणा 400 मीटर रिले, पुरुषों की चार गुणा 100 मीटर और चार गुणा 400 मीटर रिले, मिश्रित चार गुणा 100 मीटर और चार गुणा 400 मीटर रिले विश्व रिले का हिस्सा होंगी। ग्वांगझू में मिश्रित चार गुणा 100 मीटर रिले पहली बार वैश्विक मंच पर आयोजित होगी। प्रत्येक राष्ट्रीय महासंघ की एक टीम प्रत्येक स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा कर सकती है और प्रत्येक स्पर्धा के लिए अधिकतम आठ एथलीट प्रवेश कर सकते हैं।

## तीन महीने में अर्जुन बन जाएंगे क्रिस गेल!



### *करना होगा ये काम, पूर्व दिग्गज ने किया दावा*

युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह का मानना है कि अर्जुन तेंदुलकर अगले क्रिस गेल बन सकते हैं. साथ ही उन्होंने बताया है कि इसके लिए अर्जुन को क्या करना होगा. पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह का मानना है कि अर्जुन तेंदुलकर के अंदर अगला क्रिस गेल बनने की क्षमता है. लेकिन इसके लिए उन्हें बॉलिंग छोड़नी होगी. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इसके लिए अर्जुन को किसके साथ ट्रेनिंग करनी होगी. पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह का मानना है कि अर्जुन तेंदुलकर के अंदर अगला क्रिस गेल बनने की क्षमता है. लेकिन इसके लिए उन्हें बॉलिंग छोड़नी होगी. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इसके लिए अर्जुन को किसके साथ ट्रेनिंग करनी होगी. दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन ने लगभग दो साल पहले योगराज के साथ ट्रेनिंग की थी. अर्जुन तब मुंबई छोड़कर गोवा रणजी टीम में चले गए थे. ट्रेनिंग के बाद रणजी डेब्यू पर अर्जुन ने शानदार शतक जड़ा था. योगराज का मानना है कि अर्जुन को बॉलिंग से ज्यादा बैटिंग पर फोकस करना चाहिए. उन्होंने कहा कि अगर युवराज अर्जुन को तीन महीने के लिए ट्रेन करते हैं, तो मैं दावा करता हूं वो अगले गेल बन सकते हैं.

योगराज ने इसके बाद अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल का उदाहरण भी दिया. दोनों ही खिलाड़ियों को युवराज ने ट्रेन किया है और आज अभिषेक और गिल आईपीएल में तो छाए हुए हैं. साथ ही इंटरनेशन क्रिकेट में भी तहलका मचाए हुए हैं.




## सीएसके के नाम दर्ज हुआ यह शर्मनाक रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के 43वें मुकाबले में पैट कमिंस की कप्तानी में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स को उनके घर में 5 विकेट से हरा दिया। इस हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स लगभग प्लेऑफ की दौड़ से भी बाहर हो गई जबकि हैदराबाद ने अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा है। हैदराबाद ने आईपीएल इतिहास में पहली बार चेन्नई को उनके घरेलू मैदान पर हराने में सफलता हासिल की।

चेन्नई ने हैदराबाद के हाथों मिली हार के बाद एक शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस मैच में चेन्नई को उनकी खराब बल्लेबाजी की वजह से हार मिली क्योंकि टीम के ज्यादातर बल्लेबाज नहीं चल पाए और टीम को जीतने के लिए जिस तरह से स्कोर की जरूरत थी वो बोर्ड पर नहीं लग पाया। धोनी ने भी मैच के बाद स्वीकार किया कि वो जीतने के लायक स्कोर नहीं बना पाए और उन्हें 15-20 रन ज्याद बनाने की जरूरत थी।इस मैच में हैदराबाद के गेंदबाजों ने जिस तरह का खेल दिखाया उसकी तारीफ करनी होगी क्योंकि उनकी घातक गेंदबाजी का ही ये असर था कि चेन्नई पहली बार आईपीएल में अपने मैदान पर ऑलआउट हुई और 20 ओवर भी पूरा नहीं खेल पाई। इस मैच में हैदराबाद के लिए सबसे असरदार गेंदबाज हर्षल पटेल रहे जिन्होंने 4 विकेट लिए जबकि जयदेव उनादकट और पैट कमिंस को 2-2 सफलता मिली। इसके अलावा मोहम्मद शमी और कामिंदु मेंडिस को एक-एक सफलता मिली।

धोनी के कप्तान बनने के बाद भी चेन्नई की किस्मत नहीं बदली और वो इस सीजन में 5 में से 4 मुकाबले अपने घर में हार गई। इससे पहले सीएसके ने साल 2008 और फिर साल 2012 सीजन में भी 4 मैच अपने घर में हारी थी। अब साल 2025 में भी ऐसा हुआ और इस टीम ने तीसरे सीजन में अपने घर में 4 मैच गंवा दिए।

## उम्मीद है कि योगासन को ओलंपिक खेल के रूप में देखेंगे, बोले खेलमंत्री मनसुख मांडविया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व योगासन के अध्यक्ष स्वामी रामदेव से दुनिया के विभिन्न देशों में योग महासंघ के गठन का अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि इससे योगासन को ओलंपिक खेल का दर्जा मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। योग को विश्व के लिये भारत का उपहार बताते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि दुनिया में जिस तरह से योग का प्रचार हो रहा है, उम्मीद है कि जल्दी ही योगासन को ओलंपिक खेल के रूप में देखेंगे। दूसरी एशियाई योगासन चैम्पियनशिप के उद्घाटन के मौके पर मांडविया ने कहा, योग विश्व के लिये भारत का बहुत बड़ा उपहार है। हम भाग्यशाली है कि हमें विरासत में योग मिला और योग से ही वसुधैव कुटुम्बकम निकला जो हमारा संस्कार है। उन्होंने विश्व योगासन के अध्यक्ष स्वामी रामदेव से दुनिया के विभिन्न देशों में योग महासंघ के गठन का अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि इससे योगासन को ओलंपिक खेल का दर्जा मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा, दुनिया में आज जिस तरह से योग प्रचारित हो रहा है। मैं स्वामी रामदेव से अनुरोध करूंगा कि अगर दुनिया भर में अपने अपने देश में योग महासंघ का गठन हो जायेगा तो हम जल्दी ही योगासन को ओलंपिक खेल के रूप में देखेंगे।मांडविया ने कहा, ओलंपिक में योगासन में पदक चाहे कोई भी जीते लेकिन श्रेय भारत का रहेगा। भारत सरकार ने दिसंबर 2020 में योगासन को प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में मान्यता दी थी। उत्तराखंड में इस साल की शुरूआत में हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में इसे पदक खेल के रूप में शामिल किया गया जबकि पहले यह नुमाइशी खेल ही था।

## पाकिस्तान की किरकिरी, 8.83 लाख नहीं चुकाने पर नहीं मिला अजलान शाह कप का न्योता

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** जोहर संघ ने पहले ही इस मुद्दे को मलयेशिया महासंघ के समक्ष उठाया है और धमकी दी है कि अगर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया तो वे इस मामले को एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) के समक्ष ले जाएंगे।क्रिकेट के बाद अब हॉकी में भी पाकिस्तान की किरकिरी हो रही है। पैसे का भुगतान नहीं करने की वजह से उन्हें एक बड़े टूर्नामेंट के लिए आमंत्रित तक नहीं किया गया है। यह मामला मलयेशिया से जुड़ा हुआ है। दरअसल, मलयेशिया हॉकी महासंघ ने जोहर हॉकी संघ को 10,349 अमेरिकी डॉलर (8.83 लाख रुपये) के बकाए का भुगतान नहीं करने के कारण पाकिस्तान को वार्षिक अजलान शाह कप के लिए आमंत्रित नहीं किया है। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के एक सूत्र ने कहा कि जोहर संघ ने पीएचएफ को आधिकारिक पत्र भेजा है। इसमें अक्तूबर 2023 में टीम के साथ मलयेशिया गए पीएचएफ अधिकारियों और उनके परिवारों के आवास, यात्रा और अन्य खर्चों के लिए भुगतान की जाने वाली राशि के बारे में सख्त लहजे में बताया गया है।



### पाकिस्तानी अधिकारी आलीशान होटल में ठहरे

पाकिस्तान की टीम जोहर हॉकी कप खेलने के लिए मलयेशिया गई थी और पीएचएफ के कुछ अधिकारी और उनके परिवार भी टीम के साथ गए थे। एक सूत्र ने बताया, टीम के ठहरने और अन्य खर्चों का वहन आयोजकों को उठाना था, लेकिन पीएचएफ के अधिकारियों को बता दिया गया था कि उन्हें अपने सभी खर्च खुद ही उठाने होंगे। ये अधिकारी भी उसी आलीशान होटल में रुके थे जहां टीमें ठहरी हुई थीं। इसमें पीएचएफ के पूर्व अध्यक्ष भी शामिल थे।

### जोहर संघ ने दी इस बात की धमकी

जोहर संघ ने पहले ही इस मुद्दे को मलयेशिया महासंघ के समक्ष उठाया है और धमकी दी है कि अगर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया तो वे इस मामले को एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) के समक्ष ले जाएंगे। सूत्र ने कहा, पीएचएफ के मौजूदा अध्यक्ष और उनकी टीम इस मामले को लेकर परेशानी में है, क्योंकि महासंघ पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और उन्हें पीएचएफ के पूर्व अधिकारियों द्वारा किए गए इन खर्चों के बारे में जानकारी नहीं थी। सुल्तान अजलान शाह कप का आयोजन 22 से 29 नवंबर तक मलयेशिया के इपोह में होना है।

### कई बार हो चुकी है पाकिस्तान की किरकिरी

इससे पहले क्रिकेट में भी पाकिस्तान की कई बार किरकिरी हो चुकी है। 2023 एशिया कप में पीसीबी के मेजबान रहते एशिया कप टूर्नामेंट श्रीलंका में आयोजित की गई थी। तब पीसीबी ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को पैसे नहीं चुकाए थे। पाकिस्तान क्रिकेट टीम का हाल फिलहाल में प्रदर्शन भी खराब रहा है। टीम 2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट्स के पहले दौर से ही बाहर हो गई थी।

शादी की सालगिरह पर

# सुगंधा मिश्रा ने पति के लिए लिखा प्यारा नोट

## तुम मेरी शांति, रोमांच और घर भी हो



**मशहूर** कमीडियन, होस्ट और सिंगर सुगंधा मिश्रा शनिवार को अपनी शादी की चौथी सालगिरह मना रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पति डॉ. संकेत भोसले के साथ कई रोमांटिक तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें खास दिन की मुबारकबाद दी। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में सुगंधा समंदर किनारे पति के साथ रोमांटिक पोज दे रही हैं। उन्होंने ब्लू कलर की बेहद खूबसूरत ड्रेस पहनी हुई है, वहीं संकेत कैजुअल में नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में संकेत सुगंधा को किस करते भी नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- किनारे को छूने वाली हर लहर मुझे हमारे साथ बिताए हर पल की याद दिलाती है, कभी वो पल शांत थे, कभी जोशीले, लेकिन हमेशा खास और खूबसूरत रहे। आज हम सिर्फ एक और साल नहीं मना रहे, बल्कि उस रिश्ते का जश्न मना रहे हैं जो हर दिन और भी मजबूत होता जा रहा है, जैसे हर डूबता सूरज हमारे प्यार को और गहरा बना देता है। तुम्हारा शुक्रिया... तुम मेरी शांति भी हो, रोमांच भी हो, और मेरा घर भी। बता दें कि सुगंधा ने 26 अप्रैल 2021 को संकेत भोसले के साथ सात फेरे लिए थे। सभी रस्में लुधियाना में हुई थीं। संकेत पेशे से स्किन स्पेशलिस्ट (डॉक्टर) हैं और कमीडियन भी हैं। उन्हें कई बार द कपिल शर्मा शो में संजय दत्त की मिमिक्री करते हुए भी देखा गया है। इसी शो में सुगंधा भी टीचर विद्यावती के रोल में दर्शकों को हंसाती थीं। अपनी प्रेम कहानी दोनों कई बार विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर बता चुके हैं। उनकी लव स्टोरी डेटिंग अफवाहों के बाद शुरू हुई थी। अफवाह थी कि सुगंधा और संकेत एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, जबकि उस वक्त ऐसा कुछ नहीं था, लेकिन जब खबरें आने लगीं तो दोनों के मन में एक-दूसरे के लिए फीलिंग्स आनी शुरू हो गईं। वहीं फैमिली भी अफवाहों को सच मानकर उन पर शादी का दबाव बनाने लगी। जिसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया। कपल की एक बेटी भी है, जिसका जन्म 15 दिसंबर 2023 को हुआ। उन्होंने अपनी बेटी का नाम इहाना रखा है।

## 'अपने पार्टनर को यह बताने की हिम्मत होनी चाहिए'

# साई को रिलेशनशिप में मिला धोखा



अभिनेत्री साई तम्हणकर ने रिश्ते और धोखे के बारे में बात करते हुए बताया कि ऐसे वक्त में पार्टनर को क्या करना चाहिए। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे रहे उनके रिलेशनशिप।

हालिया रिलीज 'ग्राउंड जीरो' में इमरान हाशमी के साथ नजर आई अभिनेत्री साई तम्हणकर ने एक्टिंग से परे अपनी व्यक्तिगत जिंदगी, प्यार, विश्वासघात और धोखे को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने रोमांटिक रिलेशनशिप को प्रभावित करने वाले कुछ इमोशनल पैटर्न के बारे में भी अपने विचार रखे।

### साई को मिला रिश्ते में धोखा

हॉटरफ्लाई के साथ हालिया बातचीत में अभिनेत्री साई तम्हणकर ने अपने एक रिलेशनशिप के बारे में बात करते हुए कहा, हां, बेशक मुझे धोखा मिला है। कम उम्र में धोखा दिया गया था। मुझे लगता है कि मेरे जीवन में बहुत पहले मेरे बहुत बुरे रिश्ते रहे हैं। मैंने इससे बहुत कुछ सीखा है। मुझे यह भी लगता है कि एक व्यक्ति के साथ रहना थोड़ा अप्राकृतिक है। मेरा मानना है कि चीट करने पर खुले तौर पर वापस आकर अपने पार्टनर को यह बताने की हिम्मत रखो कि मैंने यह किया है। आप दोनों इसके साथ शांति बनाए रखें।

### साई ने बताया बहस के दौरान क्या करती हैं लड़कियां

बहस के दौरान अक्सर अनसुलझे मुद्दों के फिर से उभर आने पर साई का कहना है, तब लड़की को हर लड़ाई में यह करने की जरूरत नहीं है। लेकिन लड़कियां ऐसा करती हैं। हर लड़ाई में, अगर कोई पुरानी बात है तो। मैंने भी यह किया है, इसलिए मैं यह कह रही हूं। वह ऐसा करती है, इसलिए ऐसा नहीं होना चाहिए। कमिटेड रिलेशनशिप में चिंता बनी रहने और धोखे का डर सा लगा रहने पर अभिनेत्री ने कहा, जब कोई रिश्ता बनता है, तो वह बेचैनी या वह भावना अभी भी जीवित रहती है। लेकिन यह वाकई में दूरी नहीं होती है।

### 2013 में की शादी, दो साल बाद हो गईं अलग

साई तम्हणकर ने पहले विजुअल इफेक्ट आर्टिस्ट अमेय गोसावी से शादी की थी। दोनों ने 15 दिसंबर 2013 को शादी की, लेकिन 2015 में आपसी सहमति से अलग हो गए। हालांकि उन्होंने कभी भी अपने अलग होने का कारण सार्वजनिक रूप से नहीं बताया।



# रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी की शूटिंग रुकी, डांसर की मौत के बाद सेट पर पसरा मातम

एक्टर रितेश देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी की शूटिंग के दौरान एक हादसे की खबर आई है। दरअसल, फिल्म की कोरियोग्राफी टीम के एक सदस्य की नदी में डूबने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान फिल्म में काम करने वाले डांसर सौरभ शर्मा के रूप में हुई है, जो दो दिन से लापता था। जानकारी के मुताबिक, सतारा जिले के संगम महुली गांव में फिल्म की शूटिंग चल रही थी। इस शूटिंग में सौरभ शर्मा बतौर डांसर गाने का हिस्सा था। गाने में अलग-अलग रंगों के गुलाल उड़ाए जा रहे थे। जब गाने की शूटिंग खत्म हुई तो वह कृष्णा नदी में हाथ धोने चला गया। नदी के तेज बहाव से बेखबर वह तैरने के लिए नदी में उतर गया और बह गया। इस बारे में तुरंत पुलिस और जिला प्रशासन को सूचित किया गया। दो दिन चले तलाशी अभियान के बाद उसका शव नदी से बरामद किया गया। इस घटना के चलते फिलहाल फिल्म की शूटिंग रोक दी गई है। फिल्म के बारे में बात करें तो राजा शिवाजी महान मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। एक्टिंग करने के साथ-साथ रितेश इस फिल्म का निर्देशन भी कर रहे हैं। फिल्म में भाग्यश्री भी अहम भूमिका में हैं। यह मराठी और हिंदी दो भाषाओं में रिलीज की जाएगी। एक्टर के वर्कफ्रंट पर नजर डालें तो वह जल्द ही फिल्म रेड 2 में विलेन के किरदार में दिखाई देंगे।

यह फिल्म 1 मई को रिलीज होगी। फिल्म में अजय देवगन, तमन्ना भाटिया, सौरभ शुक्ला, वाणी कपूर, सुप्रिया पाठक, अमित सियाल और रजत कपूर भी लीड रोल में हैं। रितेश को खलनायक का रोल देने पर फिल्म के निर्देशक राज कुमार गुप्ता ने एक इंटरव्यू में कहा था, मुझे हमेशा से रितेश का काम पसंद आया है। हम सभी जानते हैं कि कॉमिक रोल हो या खलनायक की भूमिका, वह सभी किरदार शानदार तरीके से निभाते हैं। वह असल में बेहतरीन कलाकार हैं। पिछले साल मैंने उनके साथ एक सीरीज में काम किया था, जिसमें उन्होंने अहम किरदार निभाया था। तब मैंने तय कर लिया था कि मैं भविष्य में एक बार जरूर उनके साथ काम करूंगा। उन्होंने बताया, रेड 2 की स्क्रिप्ट तैयार होने के बाद मैं उनसे मिला और उन्हें स्क्रिप्ट सुनाई। उन्हें यह काफी पसंद आई, उन्हें खलनायक का किरदार काफी अच्छा लगा और इस तरह वह फिल्म में शामिल हुए। मुझे बहुत खुशी है कि वह फिल्म का हिस्सा हैं।

## मोनालिसा ने पेरेंट्स को गिफ्ट की 11 लाख की कार, कहा-

# उनकी एक और इच्छा पूरी हुई



मशहूर एक्ट्रेस मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह इंस्टाग्राम पर अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ी अपडेट्स फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह अपने मां-बाबा को एक महंगा गिफ्ट देती नजर आ रही हैं। फैंस उनकी तस्वीरों को पसंद तो कर ही रहे हैं, साथ ही उनकी तारीफों के पुल भी बांध रहे हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में दिखा कि मोनालिसा ने अपने मां-बाबा को 11 लाख की गाड़ी गिफ्ट में दी है। गाड़ी खरीदने की खुशी एक्ट्रेस और उनके परिवार वालों के चेहरे पर साफ दिखाई दे रही है। वह केक काटकर इस खुशी का जश्न मनाती भी नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, नई शुरुआत... मां और बाबा के लिए गिफ्टज उनकी एक और इच्छा पूरी हुई। इस पोस्ट पर फैंस के साथ-साथ उनके साथी भी खूब सराहना कर रहे हैं और बधाई दे रहे हैं।

## राखी सावंत ने सीमा हैदर के लिए उठाई आवाज, बोलीं-

# भारत की बहू को पाकिस्तान न भेजें



राखी सावंत ने हाल ही में सीमा हैदर का समर्थन में आवाज उठाई है। अभिनेत्री ने सरकार से गुजारिश की है कि सीमा को पाकिस्तान नहीं भेजा जाना चाहिए, क्योंकि वह भारत की बहू बन चुकी हैं। पाकिस्तानी मूल की सीमा हैदर ने साल 2023 में अवैध रूप से भारत आकर और ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा निवासी सचिन मीना से शादी की थी। वह अब एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस फैसले के बीच राखी सावंत ने सीमा हैदर का समर्थन करते हुए सरकार से भावुक अपील की है।

### राखी ने किया सीमा का समर्थन

राखी ने कहा कि सीमा अब हिंदुस्तान की बहू हैं और उन्हें पाकिस्तान वापस नहीं भेजा जाना चाहिए। शुक्रवार (25 अप्रैल) शाम को राखी सावंत ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में उन्होंने सीमा को भारत में रहने देने की वकालत की।

### सोशल मीडियासीमा के लिए राखी ने कही ये बात

राखी ने कहा, सीमा हैदर को पाकिस्तान नहीं भेजना चाहिए। वह अब भारत की बहू है, सचिन की पत्नी है और उनके बच्चे की मां है। भारत को सचिन से प्यार करती है और अब हिंदुस्तानी बन चुकी है। एक औरत के साथ ऐसा अन्याय नहीं होना चाहिए।

### हिंदू बन चुकी हैं सीमा-राखी सावंत

राखी ने आगे कहा, सीमा यूपी की बहू है। उसे भारत छोड़ने के लिए नहीं कहना चाहिए। हम नहीं जानते कि इसके पीछे कौन साजिश कर रहा है, लेकिन किसी बेगुनाह के साथ गलत नहीं करना चाहिए। हां, वह पाकिस्तानी थी, लेकिन अब वह भारत की बहू है। शादी के बाद वह हिंदू बन चुकी है और भारत के समर्थन में नारे भी लगाती है। वह एक औरत है, कोई फुटबॉल नहीं कि उसे इधर-उधर भेज दिया जाए। यह मेरी सरकार से गुजारिश है।

### क्या है सीमा हैदर का मामला?

32 वर्षीय सीमा हैदर 2023 में अपने चार बच्चों के साथ अवैध रूप से भारत आई थीं। उन्होंने 24 वर्षीय सचिन मीना से शादी की और हिंदू धर्म अपनाया। इस जोड़े की प्रेम कहानी ने खूब सुर्खियां बटोरीं, लेकिन सीमा की नागरिकता और अवैध प्रवेश को लेकर विवाद भी हुआ।

## रणदीप हुड्डा क्यों चाहते थे मणिपुरी रिवाज से शादी करना?

# पत्नी लिन लैशराम ने साझा की यादें



हाल ही में लिन लैशराम ने रणदीप हुड्डा के साथ शादी से जुड़ी यादों को साझा किया है। लिन ने बताया कि रणदीप, मणिपुर रिवाज से शादी करना चाहते थे। मणिपुरी रिवाजों को देखकर रणदीप का क्या रिएक्शन रहा, जानिए। दो साल पहले रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम शादी के बंधन में बंधे। उस वक्त रणदीप ने लिन को साफ कहा था कि वह मणिपुरी ढंग से ही शादी करेंगे। इस बारे जो एक्सपीरियंस दोनों को हुए, उसे लिन ने एक इंटरव्यू में साझा किया है।

### मणिपुरी रिवाज से शादी करने की वजह

लिन लैशराम हालिया इंटरव्यू में कहती हैं, 'रणदीप ने कहा था कि हमारे यहां लड़की के रिवाज से शादी की जाती है। यही कारण है कि हमारी शादी मणिपुरी रिवाज से हुई।

शादी का हर रिवाज रणदीप और उनके परिवार के नया था लेकिन सभी ने हर चीज को बहुत अच्छे से किया। शादी होने से पहले मैं रणदीप को अपने होमटाउन के एक देवता के मंदिर लेकर गई, यह घोड़ों के देवता कहे जाते हैं। उन्हें देखकर रणदीप ऐसे खुश हुए, जैसा कोई बच्चा खुश होता है।'

### शादी से पहले लिव-इन में रहे

लिन ने इसी इंटरव्यू के दौरान बताया कि शादी से पहले रणदीप और वह, लिव इन में रह चुके थे। कोविड के दौरान दोनों साथ रहने लगे। इस दौरान दोनों को अहसास हुआ कि वे एक-दूसरे के लिए बने हैं। लिन और रणदीप को साथ रहने में एक कंफर्ट महसूस होता था।

### रणदीप-लिन के एक जैसे हैं शौक

रणदीप और लिन लैशराम के बीच अच्छी बॉन्डिंग इसलिए भी बनीं, क्योंकि दोनों को जानवरों से प्यार है, वे वाइल्ड लाइफ के लिए काफी कुछ करते हैं। अपनी शादी की पहली सालगिरह भी लिन और रणदीप ने जंगल सफारी करके मनाई थी।



## विवादित बयान देकर बुरे फंसे अनुराग कश्यप

# सूरत कोर्ट ने जारी किया नोटिस

ब्राह्मणों पर किए गए विवादित बयान को लेकर फिल्म निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप ने भले ही माफी मांग ली हो, मगर उनकी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। देश भर में विरोध के बाद अब सूरत की ज्युडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास (जेएमएफसी) कोर्ट ने अनुराग के खिलाफ नोटिस जारी कर पेश होने का आदेश दिया है। सूरत की जेएमएफसी कोर्ट ने अनुराग के खिलाफ नोटिस जारी कर 7 मई को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है। यह नोटिस ब्राह्मण समाज की ओर से सूरत के वकील कमलेश रावल की शिकायत के बाद जारी की गई है। कोर्ट में शिकायत करने वाले एडवोकेट कमलेश रावल ने अनुराग कश्यप के सोशल मीडिया पोस्ट और माफीनामे को सबूत के तौर पर कोर्ट में पेश किया। कमलेश रावल ने बताया, हाल ही में अनुराग कश्यप ने सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ भद्दा कमेंट किया था। आदित्य दत्ता नाम के व्यक्ति ने जब कश्यप को यह सब न कहने के लिए कहा तो उन्होंने गाली देकर विवादित टिप्पणी की। मैंने मामले की शिकायत की है, जिसे लेकर अनुराग कश्यप को सात मई को कोर्ट में हाजिर होने के लिए नोटिस दिया गया है। 7 मई को अनुराग कश्यप या उनके वकील को कोर्ट में हाजिर होना है। यदि वह कोर्ट में हाजिर नहीं होते हैं तो कोर्ट एकतरफा फैसला सुना सकता है। फिल्म निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप का ब्राह्मणों पर दिया गया विवादित बयान तूल पकड़ता जा रहा है। इस बीच मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट कर कश्यप ने दोबारा आहत लोगों से माफी मांगी थी। कश्यप का कहना है कि वह गुस्से में आकर मर्यादा भूल गए थे। आगे वह ध्यान देंगे कि बातचीत के दौरान सही शब्दों का इस्तेमाल करें। माफी मांगने के साथ ही अनुराग ने आगे कहा कि उनसे ऐसी गलती आगे कभी नहीं होगी। यह विवाद शुक्रवार को तब शुरू हुआ, जब अनुराग कश्यप ने इंस्टाग्राम पर एक यूजर को जवाब देते हुए ब्राह्मणों को लेकर बेहद शर्मनाक बात लिखी, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जमकर बवाल मचा और लोगों ने उनकी कड़ी आलोचना की।

साभार एजेंसी